
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



एक बार फिर बड़जात्या की फिल्म में प्रेम बनकर लौटेंगे सलमान

प्यार का पंचनामा 2 के ऑडिशन में हुई रिजेक्ट

वर्ष : 12 | अंक : 327 | लखनऊ, 26 नवम्बर ,गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

खबर संक्षेप

नागपुर में आज रैली करेगी सीजेपी

नई दिल्ली। सीजेपी फिर से रैली करने की तैयारी में है। फाउंडर अभिजीत दीपके ने बताया कि उनकी पार्टी महाराष्ट्र के नागपुर में रैली की तैयारी में है। एक्स पर वीडियो शेयर किया है। उन्होंने वीडियो की शुरुआत में प्रधानमंत्री पर तंज कसा और इसके बाद रैली का जिक्र किया। दीपके ने इसे संविधान बचाओ रैली नाम दिया है।



फतेहपुर में टक्कर में 3 लोगों की मौत

फतेहपुर। फतेहपुर जिले में बुधवार को एक तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी और उसे करीब 150 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इस हादसे में एक महिला और उसकी 14 वर्षीय बेटी समेत 3लोगों की मौत हो गई। यह हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुसैनगंज इलाके में चांदीपुर और सरौला गांवों के बीच हुआ।



अमृतसर में तस्करी का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने बताया कि उसने अवैध हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से 9पिस्तौल, 1.313 किलोग्राम हेरोइन, 60 हजार नकद, 13 कारतूस जब्त किए हैं।



न्यूटाउन में आग कारें-बाइकें जलीं

कोलकाता। राजारहाट-न्यूटाउन स्थित हैप्पी गार्डन आवासन के बेसमेंट पार्किंग में मंगलवार की देर रात आग लगने से 3 कारें और 5मोटरसाइकिलें जलकर क्षतिग्रस्त हो गईं। ये घटना रात करीब साढ़े नौ बजे के करीब हुई। बेसमेंट में घना काला धुआं फैल गया, जिससे पूरे आवासन में हलचल मच गई।



केंद्रीय कैबिनेट ने 5 अहम फैसलों को मंजूरी दी, मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी

असम को मिलेगा नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट साथ ही क्रेन-बुलडोजर का हब बनेगा भारत

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट बैठक में कई योजनाओं को स्वीकृति दी



डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई। इनमें असम के सिलचर में नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण से लेकर भारत को क्रेन, बुलडोजर और टनल बोरिंग मशीनों का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की योजना शामिल है। इसके साथ ही कामराजार पोर्ट पर दूसरे कंटेनर टर्मिनल के विकास और डाक विभाग की योजनाओं को जारी रखने का फैसला लिया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के इन फैसलों की जानकारी दी। सिलचर स्थित डोलू में नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण पर करीब 2,014 करोड़ खर्च किए जाएंगे। एयरपोर्ट का निर्माण एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपने आंतरिक संसाधनों से करेगी। प्रस्तावित एयरपोर्ट में 12,351 वर्ग मीटर की टर्मिनल बिल्डिंग बनाई जाएगी। इसके साथ ही 2,705 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे तैयार होगा।

पूर्वोत्तर राज्यों के लिए भी कनेक्टिविटी का अहम केंद्र होगा

वैष्णव ने बताया कि एयरपोर्ट की पीक टाइम में 800 यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। इसमें 400 यात्री आने और 400 यात्री जाने वाले होंगे। वहीं, सालाना करीब 10.1 लाख यात्रियों के आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। नया एयरपोर्ट बराक घाटी के साथ मिजोरम, त्रिपुरा, नगालैंड और मणिपुर जैसे पूर्वोत्तर राज्यों के लिए भी कनेक्टिविटी का अहम केंद्र बनेगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ फल-सब्जियों जैसे खराब होने वाले सामान के हवाई परिवहन को भी मदद मिलेगी।



सिलचर में नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट

कामराजार पोर्ट पर बनेगा दूसरा कंटेनर टर्मिनल

कैबिनेट ने कामराजार पोर्ट लिमिटेड में दूसरे कंटेनर टर्मिनल के विकास को भी मंजूरी दी है। इस परियोजना की अनुमानित लागत जीएसटी सहित 4,288.26 करोड़ होगी। इसके तहत 900 मीटर लंबा कंटेनर टर्मिनल बनाया जाएगा। इसका डिजाइन ड्राफ्ट 18 मीटर रखा गया है। परियोजना पूरी होने के बाद टर्मिनल की सालाना कंटेनर हैंडलिंग क्षमता 20 लाख टीईयू होगी। इससे बंदरगाह की क्षमता बढ़ेगी और देश में समुद्री माल परिवहन को मजबूती मिलेगी।

पोस्टल ऑपरेशंस से डाक विभाग सुधरेगा

कैबिनेट ने डाक विभाग की सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए दो योजनाओं को जारी रखने का फैसला किया है। पोस्टल ऑपरेशंस स्कीम के लिए 1,141 करोड़ का बजट मंजूर किया गया है। इसका उद्देश्य डाक नेटवर्क का आधुनिकीकरण करना, पार्सल सेवाओं को मजबूत बनाना और ग्रामीण इलाकों तक डाक सुविधाओं की पहुंच बेहतर करना है।

कनेक्टिविटी, निर्माण को मिलेगा बढ़ावा

कैबिनेट के इन फैसलों में एयरपोर्ट और पोर्ट जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ घरेलू विनिर्माण और डाक सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। खासतौर पर 11,000 करोड़ की निर्माण उपकरण योजना से भारत में भारी मशीनों के उत्पादन को बढ़ावा देने की तैयारी है। वहीं, सिलचर एयरपोर्ट परियोजना पूर्वोत्तर राज्यों की कनेक्टिविटी के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

11,000 करोड़ की योजना

बुनियादी ढांचा उपकरणों का निर्माण केंद्र बनेगा, इससे आयात पर निर्भरता घटेगी

कैबिनेट ने भारत को निर्माण और बुनियादी ढांचा उपकरणों के निर्माण का बड़ा केंद्र बनाने के लिए 11,000 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य देश में क्रेन, बुलडोजर, एक्सकेवेटर और टनल बोरिंग मशीनों जैसे भारी उपकरणों का घरेलू उत्पादन बढ़ाना है। वैष्णव ने कहा कि यह योजना 8 साल वाली वित्त वर्ष 2026-27 से 2033-34 तक लागू रहेगी। इसके तहत 7 श्रेणियों के उपकरणों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इनमें टनल बोरिंग मशीनें,ऑफ-हाइवे ट्रक,एक्सकेवेटर,क्रेन, लोडर,पाइलिंग रिग, ड्रिलिंग मशीनें शामिल हैं। इनमें से कई उपकरणों के लिए भारत अभी आयात पर निर्भर है। सरकार की योजना घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देकर आयात पर निर्भरता कम करने और देश में रोजगार व औद्योगिक निवेश के अवसर बढ़ाने की है।

यूपी में कांग्रेस कहीं नहीं, सपा बोली

जो सीटें मिलें, स्वीकार करो सपा की बैसाखी पर चल रहे



अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,

सपा द्वारा यूपी की 5 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने के बाद कांग्रेस ने नाराजगी दिखाई है। कांग्रेस नेताओं के बयान पर सपा के सांसद शिवपाल सिंह पटेल ने कहा कि यूपी में जितनी सीटें मिल रही हैं, कांग्रेस को खुशी से स्वीकार कर लेनी चाहिए।

पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस कहीं भी मजबूत नहीं है, वह सिर्फ सपा की बैसाखी पर वैतरणी पार करेगी। इसलिए कांग्रेस को गठबंधन में जीतनी सीटें मिलें, वह खुशी से स्वीकार करे और उन पर अपने प्रत्याशी घोषित करे।

मसूद पर भड़की सपा,कांग्रेस के सिंबल पर जनता वोट देना ही नहीं चाहती

सपा नेता मनीष जगन अग्रवाल ने इमरान मसूद पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन पर सवाल उठाए। मनीष ने दावा किया कि कांग्रेस के चुनाव चिह्न खली हाथ के पंजे पर जनता वोट देना ही नहीं चाहती। अग्रवाल सपा के गोवा प्रभारी और पार्टी की व्यापार सभा के अध्यक्ष हैं।



एनडीए में भी दबाव बढ़ा

भाजपा और सहयोगी दलों ने चुनाव में ज्यादा सीटें पाने दबाव बनाना शुरू कर दिया है। अनुप्रिया पटेल की पार्टी, अपनादल(एस), सुभासपा और निषाद पार्टी अधिक सीटों पर लड़ना चाहती हैं। भाजपा के सामने सभी सहयोगियों को साथ लेकर चलने की चुनौती है।

मसूद बोले- राहुल की वजह से पटेल सांसद बने

पटेल के इस बयान पर इमरान मसूद ने कहा कि उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि वे राहुल गांधी की वजह से सांसद हैं। पटेल जैसे बहुत लोग 2019 में भी चुनाव लड़े थे। 2019 के बाद राहुल का चमत्कार है कि आप सांसद हैं। मसूद ने कहा कि पा सभी सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दें, क्या फर्क पड़ता है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा है कि हमारा लक्ष्य तानाशाह सरकार से मुक्ति दिलाने का होना चाहिए। दोनों पक्ष के नेताओं से निवेदन है कि एक-दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरने व उत्तर प्रदेश की जनता को इस बुलडोजर वाली छात्र विरोधी, महिला विरोधी, किसान विरोधी, दलित विरोधी मुस्लिम व पिछड़ा विरोधी तानाशाह सरकार से मुक्ति दिलाने को प्राथमिकता दें।



संघ प्रमुख का बड़ा बयान

दुनिया की कोई भी ताकत यह नहीं चाहती भारत तरक्की करे

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत नहीं चाहती कि भारत प्रगति करे, क्योंकि उनकी दुकानें बंद हो जाएंगी। वैश्विक शक्तियां अपना वर्चस्व कायम करना और दूसरों को दबाव में रखना चाहती हैं और वे सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट के सिद्धांत में विश्वास करती हैं। वे महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में पांचवें पद्मा महोत्सव के उद्घाटन समारोह को बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) भी थे। स्थानीय संस्था ज्ञानयज्ञ फाउंडेशन ने 3 दिनी पद्म महोत्सव का आयोजन किया है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के पद्म पुरस्कार विजेता एक मंच पर संवाद करते हैं। भारत सभी की मदद करना चाहता है और उन देशों को भी सहायता देता है, जो उससे नफरत करते हैं।



केंद्र पर बरसे खरगे

एनीमिया-कुपोषण और पोषण बजट पर मांगा केंद्र से जवाब

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कांग्रेस ने देश में कुपोषण और एनीमिया की स्थिति को लेकर केंद्र पर निशाना साधा। अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सवाल किया कि जब देश की लाखों महिलाएं और बच्चे कुपोषण से जूझ रहे हैं, तो भारत अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ कैसे उठा सकता है? उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 साल पूरे होने के बाद भी जवाबदेही तय नहीं होने पर सवाल उठाए।



कांग्रेस का देशव्यापी मार्च आज

संविधान की रक्षा के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, कांग्रेस गुरुवार को 'संविधान दिवस' के मौके पर सभी राज्यों में बड़े पैमाने पर 'संविधान रक्षा मार्च' आयोजित करेगी। कांग्रेस समिति के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह बात कही है। खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता लखनऊ में एक रैली करेंगे।

रेड्डी ने 'नशा मुक्त भारत' अभियान के तहत 3 दिनी पदयात्रा शुरू की

'हैदराबाद वॉक्स फॉर नशा मुक्त भारत'

युवाओं व समाज के सभी लोगों से नशा से दूर रहने का आह्वान किया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मादक पदार्थों के खतरे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए बुधवार को हैदराबाद में तीन दिवसीय पदयात्रा शुरू की। रेड्डी ने युवाओं और समाज के अन्य वर्गों से भारत को 'नशा मुक्त' बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया।इसका समर्थन करने वाले अभिनेता वेंकटेश ने हरियाणा के पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष एन. रामचंदर राव और अन्य नेताओं की मौजूदगी में अंबरपेट से पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'हैदराबाद वॉक्स फॉर नशा मुक्त भारत' नामक पदयात्रा का समापन 27 नवंबर को जुबली हिल्स में होगा।



कई तत्व छात्रों को नशे का आदी बना रहे

रेड्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को 'नशा मुक्त' बनाने का संकल्प लिया है। देश की आबादी में छात्रों एवं युवाओं की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत है।युवाओं का भविष्य सुरक्षित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कुछ असामाजिक और देशद्रोही तत्व विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों और इलाकों में छात्रों को मादक पदार्थ का आदी बना रहे हैं।

रिजिजू की मौजूदगी में वक्फ दिवस पर बजा वंदे मातरम

खड़े रहे मौलाना, अब अल्लाह से क्षमा मांगने पर विवाद और बढ़ गया

श्रीनगर के कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि में आयोजन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

जम्मू कश्मीर में वक्फ दिवस के मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की मौजूदगी में बजाए गए वंदे मातरम को वजह से सियासी बखेड़ा खड़ा हो गया। धार्मिक नेताओं ने इसे 'थोपा गया' कदम बताते हुए इस पर आपत्ति जताई। जम्मू के कई इमामों के द्वारा 'कलमा' का पाठ करने और वंदे मातरम पर खड़े होने के लिए अल्लाह से क्षमा मांगने के बाद विवाद और भी बढ़ गया। श्रीनगर के कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि -कश्मीर में आयोजित वक्फ दिवस कार्यक्रम में रिजिजू मुख्य अतिथि थे।



वक्फ दिवस कार्यक्रम में जाने माने लोग और उपदेशक मौजूद थे

मुसलमानों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची

रिजिजू के साथ जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. सैयद दरख्शां अंद्राबी, राज्यसभा सांसद सतीश पुनिया, नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद मियां अल्ताफ और कई कुलपति और कई इस्लामी विद्वान व उपदेशक भी वहां मौजूद थे। समारोह में शामिल कई धार्मिक विद्वानों और उपदेशकों ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का हवाला देते हुए 'मुत्तहिदा मजलिस-ए-उलेमा' ने कहा कि इसे बजाना अनिवार्य नहीं है। ठेस पहुंची है।

बाहुबली विधायक अनंत की बेटी की शादी की चहुंओर चर्चा

30 लाख रसगुल्ले, 50 लाख गुलाब जामुन व 150 शाकाहारी व्यंजन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बिहार के मोकामा से बाहुबली विधायक अनंत सिंह की छोटी बेटी शिवांगी सिंह का शादी समारोह पूरे देश में सुर्खियों में रहा। इसके लिए काफी भव्य तैयारी की थी। कहा जा रहा शादी समारोह में 7 लाख के करीब मेहमान पहुंचे, जिनके लिए मेन्यू में 150 तरह के शाकाहारी व्यंजन भी रहे। 30 लाख रसगुल्ले और 50 लाख गुलाब जामुन तैयार किए गए और सबसे ज्यादा चर्चा घुड़दौड़ प्रतियोगिता की रही। इसके पहले विजेता को महिंद्रा थार गाड़ी, दूसरे को बाइक और तीसरे को स्कूटी मिली। शादी में राजनेताओं से लेकर अभिनेता और कई नामी हस्तियां पहुंचीं।

राजनेता, अभिनेता और कई नामी हस्तियों ने की शिरकत

सार्थ के पहले विजेता को महिंद्रा थार गाड़ी, दूसरे को बाइक और तीसरे को स्कूटी मिली



5-6 हेलीपैड भी बनाए गए थे

शिवांगी शादी में राजनेता से लेकर अभिनेता तक गवाह बनने जा रहे हैं। करीब 4 लाख से ज्यादा मेहमान पहुंचे। इनके स्वागत के लिए भव्य तैयारियां की गई थीं। विवाह समारोह के लिए 8 विशाल पंडाल बनाए गए थे। हवा महल थीम पर बने 30 फीट ऊंचे मंच पर जयमाला हुई। वीआईपी मेहमानों के लिए 5-6 हेलीपैड भी बनाए गए थे।

हलवाई की 14 टीमों ने बनाया भोजन

शादी में खान-पान से लेकर मिठाई-मिष्टान्न के पूरे इंतजाम किए गए थे। मेन्यू में 150 तरह के शाकाहारी व्यंजन शामिल रहे। 30 लाख रसगुल्ले और 50 लाख गुलाब जामुन बनाने का दावा किया गया। 1000 किलो पनीर का इंतजाम रहा। 300 से ज्यादा चूल्हे थे। हलवाई की 14 टीमें लगी थीं।

घुड़दौड़ प्रतियोगिता में 50 से ज्यादा घुड़सवार रहे शामिल

ये शादी समारोह एक खास आयोजन के लिए भी सुर्खियां बटोर रहा है। अनंत ने घुड़दौड़ प्रतियोगिता के लिए 50 से ज्यादा घुड़सवारों को बुलाया था। बिहार के अलग-अलग जिलों के साथ ही यूपी, राजस्थान, गुजरात समेत अलग-अलग राज्यों के घुड़सवार अपने घोड़ों के साथ पहुंचे। करीब 11 बीघा जमीन पर रेस ट्रैक तैयार किया गया।

डेढ़ माह बाद दर्ज हुई ऋकफ, शहीद पथ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में करीब डेढ़ माह पहले सड़क दुर्घटना में हुई मजदूर की मौत के मामले में उसकी पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है ।सरोजनीनगर के बेहसा, ट्रांसपोर्टनगर निवासी फूलदुलारी के मुताबिक उनके पति अरविन्द मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे।बीते 5 अक्टूबर 2026 की रात करीब आठ बजे वह मजदूरी करके घर लौट रहे थे। इसी दौरान शहीद पथ किनारे सर्विस रोड पर बेहसा अंडरपास की पुलिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान 6 अक्टूबर को उनकी मौत हो गई। फूल दुलारी का कहना है कि पति की मौत के बाद से वह काफी परेशान थीं। इसी कारण समय से थाने में तहरीर नहीं दे सकीं। अब उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल फूल दुलारी की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

6 माह बाद न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट, सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में करीब छह माह पहले सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। उन्नाव जिले के सोहरामऊ थानान्तर्गत गोमापुर निवासी श्रवण कुमार के मुताबिक उनका 21 वर्षीय बेटा सुमेश यादव 17 दिसंबर 2025 को बंथरा के धावापुर से मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान जुनाबगंज-मोहनलालगंज रोड पर विश्वनाथ अकादमी के पास गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे वाहन (यूपी 32 क्यूटी 5798) के चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मोहनलालगंज स्थित सिग्मा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

लखनऊ एयरपोर्ट पर 'साहस-2026' मॉक ड्रिल, विमान दुर्घटना की काल्पनिक स्थिति में परखी गईं तैयारियां

250 अधिकारियों ने दिखाया दम, लैंडिंग फेल होने पर कैसे संभालेंगे हालात, एयरपोर्ट पर हुआ फुल मॉक ड्रिल

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एलआईएएल) की ओर से पूर्णस्तरीय एयरोड्रोम आपातकालीन अभ्यास (मॉक ड्रिल) ह्यसाहस-2026ह्ण का आयोजन किया गया। इस दौरान विमान की लैंडिंग के असफल प्रयास के बाद दुर्घटना होने की काल्पनिक स्थिति तैयार कर आपातकालीन व्यवस्था का परीक्षण किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी बड़ी विमानन दुर्घटना की स्थिति में सम्बन्धित एजेंसियों की फुर्ती, संसाधनों की उपलब्धता और आपसी समन्वय को परखना था।अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के निर्धारित मानकों के अनुरूप आयोजित इस मॉक ड्रिल में करीब 250 अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसमें जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सीआईएसएफ, उत्तर प्रदेश पुलिस, अग्निशमन विभाग, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, एयरपोर्ट की रेस्क्यू एंड फायर फाइटिंग टीम सहित कई अन्य एजेंसियां शामिल रहीं।इसके अलावा एयरफोर्स स्टेशन बख्शी का तालाब, डायल-112 तथा चंदन हॉस्पिटल और ओपी चौधरी हॉस्पिटल की मेडिकल टीमों ने भी हिस्सा लिया। इस मॉक ड्रिल के दौरान विमान दुर्घटना की सूचना पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल, दमकलकर्मियों, सुरक्षा बलों और चिकित्सीय टीमों ने निर्धारित आपातकालीन प्रक्रियाओं के तहत तुरन्त मोर्चा संभाला। साथ ही राहत एवं बचाव कार्य के लिए फायर टेंडर, एंबुलेंस, रेस्क्यू वाहन और अन्य विशेष उपकरण आनन फानन तैनात किए गए। इस दौरान संकट प्रबंधन, संचार व्यवस्था, त्वरित बचाव और घायलों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया गया। एलआईएएल के प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे अभ्यास से तैयारियों का आकलन करने और एजेंसियों के बीच तालमेल मजबूत करने में मदद मिलती है।उन्होंने बताया कि यह अभ्यास अधिसूचित नोटम अवधि में कराया गया, जिससे न तो विमान संचालन प्रभावित हुआ और न ही यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा हुई।

अवधी व्यंजनों की खुशबू से महका अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव

नव अंशिका फाउण्डेशन की चार दिवसीय फूड वर्कशॉप में महिलाओं को मिला स्वाद के साथ स्वरोजगार का प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, 26 नवंबर। गोमती नगर स्थित यूपी दर्शन पार्क में आयोजित अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव 2026 में नव अंशिका फाउण्डेशन की ओर से अवधी फूड वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। फाउण्डेशन की निदेशिका नीशू त्यागी के नेतृत्व में लगाई गई अवधी व्यंजनों की स्टॉल पर जहां स्वाद के शौकीनों को पारंपरिक पकवानों का जायका मिल रहा है, वहीं उन्हें व्यंजन तैयार करने की प्रक्रिया से भी रूबरू कराया जा रहा है। इस कार्य में पल्लवी सहयोग कर रही हैं। स्टॉल पर अवधी स्पेशल स्टीम एंड फ्राई फरेह, सब्जी कचौड़ी, कढ़ाई चावल, बंडे का कचालू, शकरकंदी का कचालू, मूंग दाल पकौड़ी, ड्राई फ्रूट लड्डू सहित कुल्हड़ चाय, गुलाब चाय और मसाला चाय उपलब्ध हैं। चार दिवसीय वर्कशॉप के माध्यम से घरेलू महिलाओं को स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ स्वच्छता, गुणवत्ता और खाद्य सामग्री को मानकों के अनुरूप तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नव अंशिका फाउण्डेशन की निदेशिका नीशू त्यागी ने बताया कि वर्कशॉप का उद्देश्य महिलाओं को फूड इंडस्ट्री की बुनियादी जानकारी देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। महिलाओं को व्यंजनों को हाइजीन के साथ तैयार करने, उचित तरीके से पैकिंग करने तथा बाजार में बिक्री की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में ममता, सीमा, गुड्डी, पुष्पा, बबीता, निशा और कविता सहित कई महिलाओं ने खाद्य व्यवसाय से जुड़ी आधारभूत जानकारियां हासिल कीं।

96 चीनी मिलों में पेराई कार्य हुआ शुरू किसानों को तत्काल हो रहा भुगतान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गन्ना किसानों का हित योगी सरकार की प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के उपरांत वर्तमान पेराई सत्र (2026-27) में अब तक 96 चीनी मिलें पेराई कार्य प्रारंभ कर चुकी हैं। अभीतकसबसे अधिक गन्ना पेराई करने वाली हरियावां चीनी मिल हरदोई है। यहां 22.41 लाख कुंतल पेराई की गई है। वहीं अजबापुर-डीसीएम ग्रुप लखीमपुर खीरी की ओर से सर्वाधिक भुगतान 82 करोड़ रुपये किया गया है। गन्ना आयुक्त भवानी सिंह खंगारौत ने बताया कि वर्तमान सत्र में अब तक प्रदेश की कुल 96 चीनी मिलों ने पेराई कार्य सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दिया है। इसमें निजी क्षेत्र की 78, सहकारी क्षेत्र की 17 व निगम क्षेत्र की एक चीनी मिल शामिल है। इन चीनी मिलों द्वारा इस पेराई सत्र में अब तक कुल 707 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जिससे कुल 63.80 लाख कु'तल चीनी का उत्पादन हुआ है। वर्तमान पेराई सत्र में अब तक के कुल देय गन्ना मूल्य 552.23 करोड़ रुपये के सापेक्ष चीनी मिलों की ओर से शत-प्रतिशत से भी अधिक का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित किया जा चुका है। पेराई सत्र की शुरूआत से ही चीनी मिलों द्वारा त्वरित भुगतान करने से किसानों को बिचौलियों और विलंब की समस्या से मुक्त होकर गन्ना आपूर्ति करने में आसानी होगी। पेराई सत्र (2026-27) में अब तक सर्वाधिक हरियावां चीनी मिल हरदोई ने 22.41 लाख कुंतल, हरगांव चीनी मिल सीतापुर ने 21.94 लाख कुंतल व खतौली चीनी मिल मुजफ्फरनगर- 20.95 लाख कुंतल की पेराई की। वहीं किसानों को अब तक सर्वाधिक अजबापुर-डीसीएम ग्रुप-लखीमपुर ने 82 करोड़, मवाना चीनी मिल- मेरठ ने 62 करोड़ और हरगांव चीनी मिल सीतापुर ने 60.42 करोड़ का भुगतान किया। भवानी सिंह खंगारौत, गन्ना आयुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गन्ना किसानों की आर्थिक समृद्धि, सम्मान और उनकी उपज का उचित एवं समय पर मूल्य दिलाने का निर्देश दिया है।

बंद मकान में चोरी, 4 लाख के गहने और 60 हजार नकद ले गए चोर

ससुर के अंतिम संस्कार में गया था परिवार, पीछे से घर का ताला तोड़कर चोरों ने किया साफ

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के गहनों के अलावा हजारों रुपए की नगदी सहित कीमती कपड़े व अन्य घरेलू सामान पार कर दिया। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर तहरीर के आधार पर सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है।बिजनौर थाना क्षेत्र के मुल्लाही खेड़ा निवासी अनुज कुमार शर्मा ओला उबर में अपनी वैगन आर कार टैक्सी के रूप में चलाते हैं। जबकि उनकी पत्नी आर्या भट्ट सरोजनीनगर के हीरालाल नगर क्षेत्र की आशा है। आर्या के मुताबिक 22 नवंबर की रात उनके सरोजनीनगर स्थित हाइडिल में रहने वाले ससुर की बीमारी से मौत हो गई थी।जिसको लेकर मंगलवार शाम वह परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होने वहां गई थी। आर्या का कहना है कि बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे पड़ोसी ने घर का मेन गेट खुला देख उन्हें इसकी सूचना दी। जिसके बाद वह घर पहुंची तो घर के अंदर कमरों और अलमारी के ताले टूटे होने के साथ ही करीब 4 लाख रुपए कीमत के गहने और 60 हजार रुपये की नगदी के अलावा घर में रखी साइकिल, एक गैस सिलेंडर, एक इनवर्टर और कीमती कपड़े गायब मिले। तब उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। फिलहाल पीड़ित अनुज कुमार शर्मा की तहरीर पर पुलिस सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगा रही है।

वृंदावन योजना में बंद मकान का ताला तोड़कर गहने और नकदी चोरी, अज्ञात चोर पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊः पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना में सत्संग के लिए बाहर गए एक व्यक्ति के बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने कीमती गहने और नकदी पार कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, मूल रूप से संत कबीर नगर के धर्मसिहवा बाजार निवासी अनिल कुमार गुप्ता फिलहाल लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र स्थित 11अ/54, सेक्टर-11 वृंदावन योजना में रह रहे हैं। तहरीर में बताया गया है कि 20 नवंबर 2026 को शाम करीब 6 बजे वह सत्संग में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। जब वह रात करीब 9 बजे घर लौटे तो भीतर का ताला टूटा मिला। घर के अंदर रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर अज्ञात चोरों ने उसमें रखे कीमती गहने और कुछ नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद पीड़ित ने



पीजीआई थाने में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करने और चोरी गया सामान बरामद कराने की मांग की। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और छानबीन की जा रही है।

16 नगर निगमों में सौर ऊर्जा से रोशन होंगी सड़कें

- 18 वाट की सोलर स्ट्रीट लाइट को 30 वाट में अपग्रेड करने का सुझाव
- बैटरी स्टोरेज की सुविधा विकसित करने पर भी जोर

लखनऊ। प्रदेश के 16 नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना के तहत सौर ऊर्जा परियोजनाओं में तेजी लाने की तैयारी है। इसके लिए योगी सरकार ने 40 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है, जबकि मॉडल सोलर सिटी अयोध्या के लिए 15.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में सोलर सिटी परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा के साथ कई अहम सुझाव दिए गए।

बैठक में सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाईमास्ट लाइट और सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर पावर प्लांट लगाने सहित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान नगर निगमों की ओर से 18 वाट की सोलर स्ट्रीट लाइट को हटाकर 30 वाट की लाइट लगाने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा मोबाइल बैटरी आधारित ऊर्जा भंडारण सुविधा विकसित करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों का मानना है कि इससे डीजल जनरेटर पर निर्भरता कम होने के साथ ईंधन खर्च में भी कमी आएगी। प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 और 2026-27 के प्रस्तावित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने और यूपीनेडा तथा नगर निगमों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा।

सोलर सिटी योजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के तहत शहरी क्षेत्रों में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करना है।

एलडीए में निर्माण सामग्री की जांच के लिए बनेगी सेंट्रल लैब

विकास कार्यों के लिए एनओसी प्राप्त करने व विधिक अड़चनों को दूर करने के लिए समिति गठित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में निर्माण सामग्री की जांच के लिए सेंट्रल लैब बनेगी। इससे थर्ड पार्टी जांच में अनावश्यक रूप से होने वाली देरी से कार्य बाधित नहीं होगा। एलडीए उपाध्यक्ष अनुज सिंह ने बुधवार को अभियंत्रण अनुभाग की समीक्षा बैठक में इस बाबत निर्देश दिये हैं। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग जोन में किये जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिये।

उपाध्यक्ष अनुज सिंह ने सर्वप्रथम अनंत नगर योजना की समीक्षा करते हुए ग्रिड सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में किसी तरह की बाधा आ रही हो तो किसानों से वार्ता करके अड़चनों को दूर किया जाए। वहीं, अटल नगर आवासीय योजना के सम्बंध में अधिकारियों ने अवगत कराया कि 06 टावरों के अंतर्गत 1032 भवनों का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें से 04 टावरों में 756 भवन बनकर तैयार हो गये हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि प्रथम चरण में जिन भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, उनमें आवंटियों के पक्ष में रजिस्ट्री कराकर भवनों का कब्जा प्राप्त कराया जाए। इसके अतिरिक्त शेष भवनों का कार्य समय से पूर्ण कराकर थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने गोमती नगर में उच्च न्यायालय के पास प्रस्तावित संविधान पार्क के सम्बंध में समीक्षा करते हुए भूमि चिन्हांकन के लिए ईटीएस सर्वे कराने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष अनुज सिंह ने अफसरों को निर्देश दिये कि जहां आवश्यक हो, वहां विकास एवं निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सम्बंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त किया जाए। इसके लिए उन्होंने एलडीए सचिव को नियमित रूप से समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न जगहों पर विकास कार्यों में आने वाली विधिक अड़चनों को दूर करने के लिए उपाध्यक्ष ने अपर सचिव को जिम्मेदारी सौंपी है। उपाध्यक्ष ने बैठक में कहा कि प्राधिकरण की ओर से निर्माण सामग्री की गुणवत्ता के सम्बंध में राइट्स के माध्यम से थर्ड पार्टी जांच करवायी जाती है। वर्तमान में प्राधिकरण की ओर से शहर में बड़े स्तर पर विकास एवं निर्माण के कार्य कराये जा रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए राइट्स के माध्यम से प्राधिकरण कार्यालय में ही सेंट्रल लैब स्थापित करवायी जाए। जिससे जांच कार्यों में अधिक पारदर्शिता एवं शीघ्रता सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा समय-समय पर लैब का निरीक्षण किया जाएगा, जिससे कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखी जा सकेगी।

एनबीआरआई के वैज्ञानिक डॉ. विजय वाघ लंदन के फेलो चुने गये

लखनऊ। सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई), लखनऊ के वैज्ञानिक डॉ. विजय विष्णु वाघ को लंदन की प्रतिष्ठित लिनियन सोसाइटी का फेलो चुना गया है। उनके चयन की पुष्टि 15 अक्टूबर 2026 को हुई। वर्ष 1788 में स्थापित यह दुनिया की सबसे पुरानी सक्रिय जैविक विज्ञान संस्थाओं में शामिल है। डॉ. वाघ को यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान पादप वर्गिकी, सिस्टमैटिक्स और जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय शोध योगदान के लिए मिला है। उनके शोध से पौधों की विविधता के दस्तावेजीकरण और संरक्षण को बढ़ावा मिला है। इस उपलब्धि पर सीएसआईआर-एनबीआरआई एवं सीएसआईआर-आईआईआईएम के निदेशक डॉ. जाबिर अहमद ने बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गर्व का विषय बताया।

पुनर्वास विवि : प्रो. ममता बनीं छात्र कल्याण अधिष्ठाता



लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण अधिष्ठाता की जिम्मेदारी अब प्रो. ममता यादव को सौंपी गई है। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने उन्हें बधाई दी। राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग के प्रोफेसर प्रो. आशुतोष पांडेय को अधिष्ठाता छात्र कल्याण के पद से कार्यमुक्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर इसी विभाग की प्रो. ममता यादव को कुलपति प्रो. संजय सिंह के निर्देशानुसार अग्रिम आदेशों तक छात्र कल्याण अधिष्ठाता नामित किया गया है। जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। यह जानकारी विवि प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने दी।

भाजपा संविधान गौरव दिवस मनायेगी आज

लखनऊ। भाजपा 26 नवम्बर को संविधान गौरव दिवस मनाएगी। राजधानी लखनऊ के भागीदारी भवन में गुरूवार को संविधान गौरव दिवस के तहत जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही भाजपा प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान का स्मरण करते हुए कृतज्ञ नमन करेगी। प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के प्रभारी दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा 2015 से प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान गौरव दिवस मना रही है। संविधान के महत्व, उसके मूल्यों एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों पर चर्चा करते हुए उनके अतुल्नीय योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। दिलीप पटेल ने बताया कि बाबा साहेब के विचारों तथा संविधान के मूल्यों को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा 26 नवम्बर को राजधानी लखनऊ के भागीदारी भवन में प्रबुद्ध जनसंवाद करेगी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे। प्रबुद्ध जनसंवाद के साथ ही संविधान प्रदर्शनी, संविधान पर आधारित झांकियों के माध्यम से बाबा साहेब के योगदान को जनसामान्य के बीच लेकर पहुंचेगी।

डॉक्टरों ने 412 लोगों की सर्जरी कर बनाया रिकॉर्ड

मेरठ मिलिट्री हॉस्पिटल में आयोजित हुआ आई कैम्प

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। 'ऑपरेशन दृष्टि' के तहत, मेरठ के मिलिट्री हॉस्पिटल में आयोजित एक आई कैंप में आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विसेज के डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम ने 412 लोगों की दृष्टि लौटाने वाली सर्जरी बिल्कुल मुफ्त में की। 25 नवंबर 2026 को संपन्न हुए इस पांच दिवसीय कैंप ने पूरे क्षेत्र के लोगों के जीवन में नई रोशनी भर दी। इनमें 197 ऐसे आम नागरिक भी शामिल थे जो आर्थिक रूप से कमजोर थे। इन लोगों की मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, विट्रियो-रेटिनल और टेरिजियम जैसी समस्याओं के लिए सर्जरी की गई। इस कैंप की सबसे खास बात यह रही कि मोतियाबिंद के लगभग 60 ऐसे मरीजों की सफल सर्जरी की गई, जो पूरी तरह से अंधे हो चुके थे। पिछले दो महीनों में, नेत्र विशेषज्ञों और मेडिकल अधिकारियों ने बागपत, बुलंदशहर, हापुड़, शामली और मुरादाबाद में 12,000 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की, ताकि दूर-दराज के कस्बों और गांवों में रहने वाले लोगों तक भी मदद पहुंचाई जा सके। मेरठ के मिलिट्री हॉस्पिटल में आयोजित कैंप के दौरान लगभग 5,000 मरीजों की जांच की गई। जिन मरीजों को सर्जरी की जरूरत थी, उन्हें मिलिट्री हॉस्पिटल लाया गया, जहां 22 से 24 नवंबर 2026 के बीच 412 सर्जरी की गईं।

कैंप के समापन समारोह में उत्तर प्रदेश के सैनिक कल्याण विकास निगम और प्रांतीय रक्षा दल राज्य मंत्री, डॉ. सोमेंद्र तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मरीजों और मेडिकल टीम के सदस्यों से बातचीत की और आम नागरिकों की बड़े पैमाने पर मदद करने के लिए भारतीय सेना के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर बोलते हुए, एयर मार्शल संदीप थरेजा ने मेडिकल टीम के शानदार योगदान की तारीफ की। उन्होंने कहा कि टीम ने पेशेवर उत्कृष्टता, समर्पित सेवा और मरीजों की देखभाल के प्रति संवेदनशीलता का एक नया मानक स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि केवल पूर्व सैनिकों और सेना के जवानों के आश्रितों पर ध्यान दे रहा है, बल्कि उन आम नागरिकों तक भी पहुंच रहा है जिनके पास ऐसी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। किसी भी पिछले आई कैंप की तुलना में यहाँ की गई 412 सर्जरी अब तक की सबसे अधिक संख्या है, जो बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा और सेवा-भाव के मामले में एक नया मानक स्थापित करती है।

नवाचार व उद्यमिता को मिलेगा राष्ट्रीय मंच, 28-29 को होगा स्पार्क-ओ-फेस्ट

लखनऊ। नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरस्वती डेंटल कॉलेज एवं जूपअप के संयुक्त तत्वावधान में 28 और 29 नवंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन स्पार्क-ओ-फेस्ट 2.0 का आयोजन किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में होने वाले इस सम्मेलन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे।

स्पार्क नवाचार एवं उद्भवन केंद्र के संस्थापक निदेशक एवं सम्मेलन अध्यक्ष कमांडर सुमित घोष ने बुधवार को लखनऊ गोल्फ क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में 2000 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। 250 से अधिक प्रतिभागी विचार-मंथन, स्टार्टअप प्रस्तुतीकरण, नवाचार प्रदर्शनी और इलेक्ट्रॉनिक पोस्टर प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। विजेताओं को कुल पांच लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई, पुणे और दिल्ली समेत देश के विभिन्न



शहरों से प्रतिभागी पहुंचेंगे। सम्मेलन में नौ मुख्य व्याख्यान, दो उच्चस्तरीय परिचर्चाएं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर दो विशेषज्ञ कार्यशालाएं होंगी। सम्मेलन निदेशक डॉ. कुणाल साह ने कहा कि नवाचार की भूमिका अब स्वास्थ्य सेवाओं और दंत चिकित्सा में भी महत्वपूर्ण हो गई है।

वहीं आयोजन सचिव डॉ. कविता धिंसा ने बताया कि युवाओं को स्टार्टअप स्थापना, वित्तपोषण, बौद्धिक संपदा अधिकार और व्यावसायिक रणनीतियों की जानकारी दी जाएगी। सम्मेलन में पॉडकास्ट केंद्र, सीधा प्रसारण और संवादात्मक एआई कार्यशालाएं भी आयोजित होंगी। विचार से प्रभाव तक की थीम पर आधारित यह सम्मेलन विद्यार्थियों, शोधकताओं, उद्यमियों और उद्योग विशेषज्ञों को साझा मंच प्रदान करेगा।

सभी वर्गों को साथ लेकर चलना भाजपा का संकल्प

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भाजपा द्वारा 25 बुधवार को सामाजिक संपर्क बैठक का आयोजन राजभवन कॉलोनी स्थित उप मुख्यमंत्री आवास पर किया गया। अनेक समाज, एक परिवार की भावना के साथ आयोजित बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं भाजपा सामाजिक संपर्क अभियान संयोजक डॉ. नीरज सिंह ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से संवाद किया। बैठक में धानुक, सोनकर, स्वर्णकार, बहेलिया, बढ़ई, विश्वकर्मा एवं भुर्जी समाज के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उपस्थित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा उत्तर प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में जो बदलाव आया है, उसे हम सभी ने अपनी आंखों से देखा है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश को गुंडों और अपराधियों का प्रदेश कहा जाता था। सपा सरकार के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी थी कि बहन-बेटियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। परिवार के लोग अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते थे लेकिन आज भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है।

आज अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो रही है। जब भी गुंडे और माफिया सक्रिय होते हैं, सबसे अधिक अत्याचार गरीबों और कमजोर वर्गों पर होता है। भाजपा सरकार ने ऐसे तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई कर आम जनता में सुरक्षा का विश्वास पैदा किया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। पहले बिजली के लिए लोगों को दिन-रात इंतजार करना पड़ता था। गांवों में इनवर्टर और जनरेटर पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन आज प्रदेश के सभी 75 जिलों में बिजली की बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने का काम हुआ है। सड़कों का व्यापक विस्तार हुआ है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया गया है और नकल माफियाओं पर अंकुश लगाया गया है। पहले गरीब परिवारों के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था, लेकिन आज पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से युवाओं को रोजगार और आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। आज हमारी प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को बेहतर कानून-व्यवस्था, अच्छी सड़कें, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त बिजली, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकलकर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वकर्मा समाज को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन और निर्माण के प्रतीक हैं।

संक्षेप

अपनी मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सेवक डीएम को देगे ज्ञापन

उन्नाव। अचलगंज पंचायतों में तैनात ग्राम रोजगार सेवक अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर आगामी 27 नंबर को जिलाधिकारी के समक्ष पेश होकर अपना ज्ञापन सौपेगे। उक्त जानकारी देते हुए रोजगार सेवक संघ के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि सरकार रोजगार सेवको के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। अभी तक इन रोजगार सेवकों को मात्र 7788 रुपए मानदेय दिया जा रहा है जिससे जीवन यापन करना मुश्किल हो रहा है इसे न्यूनतम 24000 किया जाए तथा आठ महीने से बकाया मानदेय का भुगतान कराय जाए ताकि रोजगार सेवको की आर्थिक समस्याओं से निजात मिल सके। आरोप है कि सरकार द्वारा पी एफ काटे जाने के बावजूद रोजगार सेवकों के खाते मे नहीं पहुंच रहा है। रोजगार सेवकों व उनके परिजनों को कैस्लेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाये।उन्होंने बताया कि उक्त चार सूत्रिय मांगो के साथ आगामी 27 नंबर को जनपद के लगभाग सात सौ रोजगार सेवक जिला अधिकारी कार्यलय मे उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपेंगे।

धान क्रय केंद्र पर पसरा सन्नाटा एक भी नहीं पहुंचा किसान

औरास। उन्नाव क्षेत्र के सीमऊ गाँव मे संचालित पीसीएफ धान क्रय केंद्र पर केंद्र प्रभारी आशीष कुमार सिंह सेंटर पर किसानों का धान खरीदने का पूरा दिन इंतजार करते रहे । इसके बावजूद दो बजे तक कोई नही आया जब कि केंद्र प्रभारी कई किसानों से धान लाने की गुहार भी लगा चुके है। सरकारी खरीद केंद्रों पर किसान धान इस लिए नही ला रहे है कि सरकारी खरीद में सामान्य ब्राइटी का धान जिसका निर्धारित मूल्य 2441रुपये है जब कि ए ग्रेट का 2461 रुपये है जब कि व्यापारी गाँव के किसानों का उनके घर पर 2500 से लेकर 2600 रुपये प्रति कुंतल के हिसाब से नगद तौल करा रहे है।बुधवार को जांच पड़ताल में सीमऊ के पीसीएफ सेंटर पर एक भी किसान धान बेचने के लिए नजर नही आया । केंद्र प्रभारी किसानों का पूरे दिन इंतजार करते रहे।

स्कूल गई छात्रा लापता, युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने थाने में तहरीर दिया कि मेरी 16 वर्षीय पुत्री कक्षा 10 की छात्रा है बीते 23 नवंबर 2026 को सुबह लगभग 9 बजे घर से रामनाथ इंटर कॉलेज, रुझेई जाने के लिए निकली थी, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं लौटी।पीड़ित पिता ने थाना बारा सगवर क्षेत्र के हर्षित पटेल पर अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का संदेह जताया है। वहीं इस प्रकरण में शिवम पटेल के भी जानकारी में होने की बात लिखी परिजनों द्वारा छात्रा की काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

रांसगंगा सिटी के बंद पड़े पांच बिजलीघर अब खुलेंगे? मंत्री ने यूपीपीसीएल अध्यक्ष को लिखा पत्र

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।ट्रांसगंगा सिटी में सालों से ठप पड़े पांच बिजलीघरों को फिर से चालू कराने की मांग अब लखनऊ तक पहुंच गई है। ऊर्जा राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए यूपीपीसीएल के अध्यक्ष को पत्र भेजा है। उन्होंने जनहित में इन बिजलीघरों को जल्द शुरू कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने को कहा है।

यह पूरा मामला किसान आंदोलन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी अजय अनमोल की शिकायत के बाद सामने आया। उन्होंने राज्यमंत्री से मिलकर ट्रांसगंगा सिटी में बिजली व्यवस्था की हकीकत बताई थी।

अजय अनमोल के मुताबिक, यूपीसीडा की इस परियोजना में 120 एमवीए का एक बड़ा बिजलीघर काम कर रहा है।इसके अलावा 33 केवी के छह छोटे बिजलीघर भी बनाए गए थे। लेकिन लोड न होने की वजह से छह में से सिर्फ एक ही चल पा रहा है।उनका कहना है कि पूरी ट्रांसगंगा सिटी में अभी पांच एमवीए का भी लोड नहीं है, इसलिए बाकी पांच बिजलीघर लंबे समय से बंद पड़े हैं।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि बंद पड़े रहने से इन बिजलीघरों की मशीनें खराब हो रही हैं, जिससे सरकारी पैसा बर्बाद हो रहा है।दूसरी तरफ शुक्लागंज और आसपास के गांवों में बिजली की किल्लत बनी हुई है।

अजय अनमोल ने सुझाव दिया है कि इन बंद बिजलीघरों को चालू कर आसपास के गांवों और शुक्लागंज की सप्लाई से जोड़ दिया जाए। इससे सैकड़ों गांवों को सीधा फायदा मिलेगा और बिजली की समस्या भी कम होगी।

राज्यमंत्री ने इसी शिकायत का हवाला देते हुए यूपीपीसीएल अध्यक्ष से जल्द कार्रवाई की अपील की है। अब सबकी नजर बिजली विभाग के अगले कदम पर है।

टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशंभर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को टीबी (क्षय रोग) के कारणों, लक्षणों, बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएचसी रसूलपुर रूरी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिनव निगम उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत दुबे तथा एनसीसी प्रभारी डॉ. कुलदीप कुमार शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। महाविद्यालय की ओर से मुख्य अतिथि डॉ. अभिनव निगम को सम्मानित किया गया। डॉ. अभिनव निगम ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, लेकिन समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने खांसी, बुखार, वजन घटना, भूख न लगना जैसे लक्षणों पर समय से जांच कराने और दवा बीच में न छोड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि टीबी से डरने की नहीं, बल्कि जागरूक रहने की आवश्यकता है।प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत दुबे ने टीबी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि टीबी रोगी के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि उसे सहयोग और प्रोत्साहन देना चाहिए, जिससे वह बिना झिझक उपचार करा सके। एनसीसी प्रभारी डॉ. कुलदीप कुमार शुक्ला ने कैडेट्स को अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कैडेट्स गांवों और आसपास के क्षेत्रों में जाकर लोगों को टीबी के बचाव एवं उपचार की जानकारी दें। कार्यक्रम में पोस्टर निर्माण गतिविधि भी आयोजित हुई। जिसमें कैडेट्स चांदनी देवी, दिव्यांशी शुक्ला एवं अनुप्रिया ने भाग लिया। सीनियर कैडेट्स श्रेष्ठी अवस्थी, आदर्श सिंह एवं दिव्यांशी प्रजापति सहित अन्य कैडेट्स ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन टीबी मुक्त भारत के संकल्प के साथ हुआ।

क्षेत्राधिकारी का भव्य विदाई समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। अचलगंज क्षेत्राधिकारी पुरवा अरविंद कुमार चौरसिया का भव्य विदाई समारोह कोतवाली परिसर में सम्पन्न हुआ।इस दौरान पुलिस अधिकारियों के साथ स्थानीय पत्रकार व संभ्रांत नागरिकों ने उनकी कार्यशैली की सराहना की। पुरवा सर्किल में लगभग 8 माह के शानदार और यादगार कार्यकाल के दौरान पुलिस उपाधीक्षक अरविन्द कुमार चौरसिया ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और आमजनों के दिलों स्थान बनाकर जो मिसाल पेश की है, वह बेहद सराहनीय है। उनके स्थानांतरण की खबरें आने के बाद सोशल मीडिया पर व निजी तौर पर उनके शुभचिंतकों ने उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की। बैंड बाजा व घोड़े की सवारी कराकर कोतवाली पुलिस व स्थानीय नागरिकों ने माल्यार्पण कर भव्य विदाई दी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक पुरवा भवन सिंह मौर्य, असोहा के पूर्व निरीक्षक फूल सिंह, उपनिरीक्षक सियाराम चौरसिया, रमेश सेंगर व स्थानीय नागरिकों व पत्रकार साथियों ने उनकी नवीन जिम्मेदारी के लिए बधाईयां दी। जनपद उन्नाव में बांगरमऊ तथा हसनगंज के सीओ भी रह चुके हैं।आपको बता दें कि सीओ अरविन्द कुमार चौरसिया का स्थानांतरण लखनऊ कमिश्नरेट में हो गया है।इससे पहले वह अयोध्या तथा मेरठ जनपदों में सीओ सिटी की सराहनीय भूमिका का निर्वहन कर चुके हैं।

अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन ने जनहित की तीन प्रमुख समस्याओं को लेकर एसडीएम बृजमोहन शुक्ला को ज्ञापन सौपा है।संगठन ने तत्काल नाली निर्माण, कच्चे रास्ते पर खड़ंजा लगाने तथा बंदरों के आतंक से किसानों को राहत दिलाने की मांग उठाई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र मे प्रदूषित पानी से बीमारियां बढ़ रही हैं। इस पर रोक लगाने के लिए तत्काल नाली का निर्माण कराया जाए और नाली को दुरुस्त किया जाए। ग्राम पंचायत मेला राम कुंवर में नरेश आरख के दरवाजे से विनोद कुमार के दरवाजे तक कच्चे व कीचड़ भरे रास्ते पर मिट्टी डालकर खड़ंजा लगाने की मांग की गई है।संगठन का कहना है कि कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल जाने वाले बच्चों सहित ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद में बंदरों के कारण किसानों की फसलों को लगभग 90 प्रतिशत तक नुकसान हो रहा है। बंदर खड़ी फसलों को नष्ट कर रहे हैं।इस संबंध में पूर्व में कई बार तहसील व अन्य अधिकारियों को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक बंदरों की पकड़ व अन्य व्यवस्था नहीं की गई, जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है।संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का निस्तारण न हुआ तो आगामी दिसंबर माह में संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन कर आंदोलन चलाया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

ई रिक्शा चालकों ने जुलूस निकालकर किया जोरदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। अवैध वसूली, अभद्रता व मारपीट को लेकर बुधवार को ई-रिक्शा चालकों का गुस्सा सड़क पर फूट पड़ा। आधा सैकड़ा से अधिक चालकों ने जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया और अवैध वसूली बंद कराने की मांग की। नगर के प्रेमगंज निवासी अखिल राज के नेतृत्व में राशिद, मतीन, मुबारक, बउवा, अनीश, विपिन और अतुल समेत चालक संडीला रोड रेलवे क्रॉसिंग से जुलूस लेकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। जहां चालकों ने नगर पालिका परिषद के ठेकेदारों पर आरोप लगाया कि गरीब रिक्शा चालकों से पर्ची के नाम पर रुपये वसूले जा रहे हैं। पर्ची न बनवाने पर अभद्रता की जाती है। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट और दिव्यांग चालकों के प्रमाणपत्र छीनने का भी आरोप लगाया गया। चालकों का कहना है कि शिकायत के बावजूद प्रशासन मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कथित अवैध वसूली की निष्पक्ष जांच कराकर तत्काल रोक लगाने की मांग की। चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने प्रदर्शनकारियों के सभी आरोपों को निराधार बताया है।

हटिया मेले में निकाली गई लवकुश यात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।मांखी थाना क्षेत्र के पावा में कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन गंगा स्नान के बाद लगने वाले हटिया मेला में लवकुश यात्रा निकाली गयी जो लोगों का आकर्षण का केंद्र बनी रही मेला प्रबन्धक राम रतन द्वारा गांव में स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण में पुजारी रामचरण के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर इस बार काले घोड़ा के साथ लवकुश के भेष में आंनद बोस व अभिषेक द्वारा यात्रा शुरू हुई जो गांव नगर भ्रमण के दौरान सैकड़ों की संख्या भक्त आगे पीछे चल रहे थे जिसका मेला में समापन हुआ मेला में आस पास ही नहीं दूर दराज के लोग मेला में घर गृहस्थी के लिए जहां मटकी मथानी करहा सहित अन्य सामानों की खरीदारी की वही मेले लगे खिलौने बच्चो ने खरीद कर आंनद लिया मेला में जलेबी व सौदर्य प्रशाधन की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ लगी रही इसी तरह खोखापुर हटिया मेला में भी भीड़ रही इस दौरान मार्ग पर जाम के हालात बने रहे वही लवकुश यात्रा के दौरान युवा नेता आदित्य सिंह ग्राम प्रधान राम रतन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत शैलेश यादव साधूराम यादव अनुज कुमार अमित रावत अमन सिंह पुत्तन रावत आलोक कुमार अनमोल नरेश रावत राजपूत टेलर गौरीशंकर अफसार पवन सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे इस दौरान थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह पावा चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ लवकुश यात्रा व मेला में अधिक भीड़ को नियंत्रित करने सुरक्षा व्यवस्था के लिए मार्ग के दोनों ओर छोटे बड़े वाहनों को रोकने के लिए बैरिकेडिंग लगा भीड़ को नियंत्रित किया।

घर की सीढ़ियों से नीचे गिरे युवक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। घर की सीढ़ियों से उतरते समय पैर फिसलने से गंभीर रूप से घायल युवक की लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मऊ निवासी 20 वर्षीय मुदस्सिर पुत्र इकरार महाराष्ट्र के पुणे में रहकर बाइक मैकेनिक का कार्य करता था। लगभग दो माह पहले ही वह गांव लौटा था। मंगलवार की रात वह घर की दूसरी मंजिल पर गया था। नीचे उतरते समय अचानक सीढ़ियों पर उसका पैर फिसल गया और संतुलन बिगड़ने से वह नीचे जमीन पर आ गिरा। सिर के बल गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आई। गिरने की आवाज सुनकर घर में मौजूद परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे। आनन-फानन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन निजी वाहन से उसे लेकर लखनऊ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही घायल ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीत्कार मच गई। मां, भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि दिवंगत मुदस्सिर अविवाहित था और तीन भाई व चार बहनों में दूसरे नंबर का था। वह परिवार का सहारा बनने के लिए पुणे में मेहनत-मजदूरी कर रहा था। दो माह पहले ही वह गांव आया था। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव के लोगों ने भी इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

सड़क पर उतरी परिवहन टीम, ओवरलोड वाहनों पर कसी नकेल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बुधवार की सुबह जिले में परिवहन विभाग ने सड़कों पर उतरकर वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान क्षमता से ज्यादा माल ढोते मिले वाहनों को पकड़ा गया। तीन वाहनों को दही थाने में खड़ा करा दिया गया, जबकि दर्जनों वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई हुई। जिले के अलग-अलग रास्तों पर प्रवर्तन टीम ने कागज, परमिट और लोड की जांच की। चालकों को समझाया गया कि तय सीमा से ज्यादा माल लादना हादसों को बुलावा देता है। इसी जांच में ग्वालियर से लखनऊ जा रही एक स्लीपर बस भी नियम तोड़ती मिली। परमिट और बॉडी से जुड़े नियमों का पालन न करने पर टीम ने उस पर सवा लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना ठोक दिया। एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रतिभा गौतम की टीम ने दो ओवरलोड वाहन पकड़े और 25 वाहनों का चालान किया। वहीं यात्री कर अधिकारी विनय पांडे ने तीन ओवरलोड ट्रक बंद कराए और 35 चालान किए। विभाग का कहना है कि यह जांच आगे भी चलती रहेगी, ताकि सड़कें सुरक्षित रहें और नियम तोड़ने वालों पर लगाम लगे। आगे से हर खबर को इसी तरह नए अंदाज में लिखकर भेजूंगा।

स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख रूपए ठगी करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक व्यक्ति से स्वास्थ्य विभाग में बेटे की नौकरी लगवाने के नाम पर 6 लाख रुपये ठग लिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम जालिमगंज निवासी राकेश कुमार पुत्र श्याम सुंदर ने तहरीर में बताया वर्ष 2025 में उनके बेटे अभिषेक कुमार की स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर डॉ. प्रवीण पाल पुत्र रामकिशुन ने उनसे कुल 6,00,000 रुपये लिए। आरोपी मूल रूप से गौरी चौराहा, मठखेरिया, मल्लावां, हरदोई का निवासी है और कस्बा बांगरमऊ, थाना बांगरमऊ, जनपद उन्नाव में डेंटल क्लीनिक चलाता है। पीड़ित के मुताबिक, यह रकम अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराई गई तथा नकद भी दी गई। तहरीर में जिन खातों में रकम स्थानांतरित करने का उल्लेख किया गया है, उनमें गया प्रसाद के खाते में 20,000 रुपये व 19,900 रुपये, वंश के खाते में 20,000 रुपये, दिशांत कटियार के खाते में 30,000 रुपये, सूरज कुमार के खाते में 20,000 रुपये, आदर्श के खाते में 30,000 रुपये, अविनाश सिंह के खाते में 50,000 रुपये और प्रवीण कुमार के खाते में 1,00,000 रुपये शामिल हैं। इसके अलावा लगभग 3,10,100 रुपये नकद डेंटल क्लीनिक जाकर डॉ. प्रवीण पाल को हाथों-हाथ दिए जाने का आरोप है। पीड़ित का कहना है कि एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो नौकरी लगवाई गई और न ही पैसे वापस किए गए। जब रकम वापस मांगी गई तो कथित तौर पर पैसे लौटाने से इनकार करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने इस प्रकरण में चेतराम यादव पुत्र रामऔतार निवासी मझले पुरवा, निघासन, जनपद लखीमपुर खीरी के शामिल होने तथा क्लीनिक पर बैठने वाली एक युवती की भूमिका को लेकर भी आशंका जताई है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया धोखाधड़ी, धमकी देने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

अन्ना मवेशी खेत में खड़ी फसल कर रहे बर्बाद किसान परेशान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अन्ना मवेशी का आतंक किसानों के लिए मुसीबत बन गया है।लाखों रुपए लगाकर किसान अपनी फसल खेतों में तैयार खड़ी जिससे बंधा गोभी की फसल को अन्ना मवेशी लगातार चट कर रहे हैं। इससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। विकास खंड सिकंदर पुर सरोसी क्षेत्र के सदमपुर में किसान दिन-रात मेहनत कर बंद गोभी व फूल गोभी की फसल तैयार कर रहे जिससे किसान अपनी उपज को बर्बाद होते देख बेहद परेशान और दुखी हैं।पीड़ित किसान रामसनेही, रायदास, राजकरन रायदास, रामसरन रायदास और शिवम रायदास ने बताया कि आवारा पशुओं के झुंड खेतों में घुसकर तैयार फसल को नष्ट कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जल्द ही अन्ना मवेशी पर अंकुश नहीं लगाया गया तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।किसानों ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला में शिफ्ट कराने की मांग की है, ताकि उनकी मेहनत से तैयार फसल को बचाया जा सके। जिला कृषि अधिकारी एवं बीडीओ शशांक चौधरी ने बताया कि मामले को दिखवाया जाएगा। जल्द ही अन्ना मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजने की व्यवस्था की जाएगी।

छत से नीचे गिरकर घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम प्राथमिक विद्यालय की छत से नीचे गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसको ग्रामीणों ने मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया था जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया था जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का शुक्लागंज घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के मदारी खेड़ा गांव निवासी राम किशोर (45) पुत्र मोतीलाल मंगलवार को शाम सरंबा में स्थित प्राथमिक विद्यालय की छत पर किसी काम से चढ़ा था जहां से उसका संतुलन बिगड़ा और वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों ने राम किशोर को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया था जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार को राम किशोर की मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर चौकी इंचार्ज रसूलाबाद अशोक कुमार सोनकर मौके पर पहुंचे और शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया मृतक की पत्नी नीलम करीब 16 वर्ष पूर्व अपने देवर के साथ चली गई थी मृतक का एक पुत्र संदीप है जोकि अपने ननिहाल कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के गांव सकहन में रहता है मृतक मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था मृतक तीन भाइयों में दूसरे स्थान का था मृतक के पुत्र संदीप ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को शुक्लागंज घाट पर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया है।

आवारा साड़ ने वृद्ध पर किया हमला हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कस्बे में घूम रहे आवारा सांड ने एक बुजुर्ग पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। सांड ने बुजुर्ग को सींगों में उठाकर सड़क पर पटक दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने शोर मचाकर लोगों को एकत्र किया और सांड को खदेड़कर घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के मझरिया कला कुलवा गांव निवासी मुंशीलाल (70) बुधवार को अपने बेटे सीताराम से मिलने कस्बे के मियागंज रोड स्थित एमजी इंटर कॉलेज गए थे। उनका बेटा कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र है। कॉलेज के समीप पहुंचते ही अचानक एक आवारा सांड ने उन पर हमला बोल दिया। सांड ने उन्हें सींगों में उठाकर सड़क पर पटक दिया। बुजुर्ग को लहूलुहान देख राहगीरों ने सांड को वहां से खदेड़ा और घायल मुंशीलाल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सम्पादकीय

हठ छोड़कर ही चल सकता है गठबंधन

राजनीति में गठबंधन केवल हाथ मिलाने या मंच साझा करने से नहीं चलते, इसके लिए सहयोगियों को अपनी महत्वाकांक्षाओं, पुराने मतभेदों और राजनीतिक जिद से ऊपर उठना पड़ता है। पंजाब में छह साल बाद भाजपा और शिरोमणि अकाली दल का फिर साथ आना इसी राजनीतिक जरूरत का संकेत है। दोनों दलों ने अतीत की कड़वाहट भुलाकर आगामी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने का फैसला किया है। इससे पहले उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन तथा सीट बंटवारे की कवायद ने भी यही संदेश दिया कि भाजपा जैसी मजबूत राजनीतिक ताकत का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों को आपसी तालमेल बनाना होगा। भाजपा ने दिखा दिया कि कई बार गठबंधन धर्म निभाने के लिए झुकना भी पड़ता है और 'नोट मी बट यू' का रास्ता भी अपनाना पड़ता है। पंजाब में भाजपा और अकाली दल का रिश्ता नया नहीं है। दोनों दलों ने 1997, 2007 और 2012 में मिलकर सरकार बनाई। लंबे समय तक यह गठबंधन राज्य की राजनीति का मजबूत स्तंभ रहा, लेकिन सितंबर 2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर अकाली दल ने एनडीए से नाता तोड़ लिया। इसके बाद दोनों दलों के रास्ते अलग हो गए। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में दोनों को इसका राजनीतिक नुकसान भी उठाना पड़ा। 117 सीटों वाले पंजाब विधानसभा में अकाली दल केवल तीन और भाजपा दो सीटों पर सिमट गई। अब छह साल बाद दोनों दलों का फिर साथ आना इस बात का संकेत है कि राजनीतिक परिस्थितियां और चुनावी जरूरतें पुराने फैसलों पर पुनर्विचार के लिए मजबूर करती हैं। इस गठबंधन में सबसे महत्वपूर्ण बात भाजपा की ओर से अकाली दल को बड़े भाई की भूमिका स्वीकार करना और अकाली नेता को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने की घोषणा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह आश्वासन बताता है कि भाजपा ने पंजाब की राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों को समझते हुए क्षेत्रीय सहयोगी की अहमियत स्वीकार की है। पंजाब में अकाली दल का अपना परंपरागत जनाधार और सिख समुदाय के बीच राजनीतिक प्रभाव रहा है। भाजपा के लिए इस आधार का महत्व है, जबकि अकाली दल के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का संगठनात्मक और राजनीतिक समर्थन उपयोगी हो सकता है। हालांकि, सीटों के बंटवारे का सवाल अभी बाकी है। यहीं दोनों दलों की राजनीतिक समझ और उदारता की असली परीक्षा होगी। वहीं, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन का अनुभव भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। हालांकि वहां दोनों दलों में सीट शेयरिंग को लेकर खींचतान जारी है। कांग्रेस जहां 126 सीटें मांग रही है, वहीं सपा उसे सिर्फ 26 सीटें देने पर ही राजी है। चुनावी राजनीति में कोई भी दल केवल अपनी शर्तों पर गठबंधन को सफल नहीं बना सकता। बड़े दल को छोटे सहयोगी की राजनीतिक जमीन का सम्मान करना पड़ता है और छोटे दल को भी अपनी सीटों की मांग को व्यावहारिक रखना होता है। उत्तर प्रदेश का अनुभव हो या पंजाब की नई राजनीतिक पहल, संदेश एक ही है कि गठबंधन में बराबरी का सम्मान और आपसी भरोसा जरूरी है। राजनीति में स्थायी दोस्त और दुश्मन भले न हों, लेकिन स्थायी महत्व सहयोग और समझदारी का ही होता है। इसलिए हठ छोड़कर ही गठबंधन चल सकता है और यही उसकी चुनावी सफलता की पहली शर्त भी है।



त्रिपक्षीय बैठक

प्रो.(डॉ.)मनोज दयाल

दुनिया की तीन सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों अमेरिका, रूस और चीन के शीर्ष नेताओं का एक मेज पर आना वैश्विक कूटनीति की असाधारण घटना है। चीन के शेनझेन में डोनाल्ड ट्रंप, व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग की 70 मिनट की बैठक ने बदलते विश्व शक्ति संतुलन और शांति की नई संभावनाओं को सामने रखा। परमाणु युद्ध के खतरे, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक संस्थाओं में सुधार जैसे मुद्दों पर बनी सहमति ने संवाद को टकराव से ऊपर रखने का संदेश दिया। इस पूरे घटनाक्रम में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संवादपरक नीति की अप्रत्यक्ष भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सवाल है कि क्या यह मुलाकात नई वैश्विक व्यवस्था की शुरुआत बनेगी?

शेनझेन में दिखाई दी भारत की छाप

अद्भुत..! विलक्षण..! नया वैश्वीकरण..! भारत की अप्रत्यक्ष सकारात्मक भूमिक..! चीन के शेनझेन की क्लिनिन विला में त्रिपक्षीय बैठक..! 70 मिनट की बैठक ने दुनिया को बता दिया- अब शांति की भाषा ही सबसे बड़ी कूटनीति है..! इतिहास में कुछ तस्वीरें सिर्फ तस्वीरें नहीं होतीं। वे युग की दिशा बदल देती हैं। 19 नवंबर 2026 को चीन के शेनझेन शहर में खिंची एक ऐसी ही तस्वीर दुनिया के सामने आई। एक गोल मेज के चारों ओर तीन नेता बैठे थे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

यह पहली बार था। दुनिया की तीन सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के शीर्ष नेता एक साथ, एक मंच पर, आमने-सामने बैठे थे। बैठक मात्र 70 मिनट चली। लेकिन उसके बाद जारी चार सूत्री 'शांति की ओर घोषणा'ने पूरी दुनिया को चौंका दिया। घोषणा में कहा गया- परमाणु युद्ध जीता नहीं जा सकता और उसे कभी लड़ा नहीं जाना चाहिए।

ट्रंप ने बैठक की शुरुआत में कहा, हम वास्तव में इतिहास बना रहे हैं। पुरानी शैली में बातचीत से इनकार करके कोई समस्या कभी हल नहीं हुई। यह वाक्य ही इस बैठक का सार था। इस पूरी प्रक्रिया में मोदी सरकार पर्दे के पीछे के नायक के रूप में अप्रत्यक्ष रूप से अपनी सार्थक व सकारात्मक भूमिका निभाई है। इस बैठक में भारत मेज पर नहीं था। पर भारत की छाया मेज पर जरूर थी। और यही भारत की कूटनीति की सबसे बड़ी सफलता है। बिना मंच पर आए ही, मंच की दिशा को प्रभावित करना।

याद कीजिए 2022 का वह दौर। उस वक्त यूक्रेन युद्ध के चरम पर रूस द्वारा सामरिक परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका से दुनिया कांप रही थी। तब पोलैंड के उप विदेश मंत्री ने खुलासा किया था कि पुतिन को दो फोन कॉल आए थे- एक चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का और दूसरा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। दोनों ने कहा था कि न तो चीन और न ही भारत इस युद्ध का समर्थन करते हैं। जब रूस के दो मित्र देशों ने कहा - हमत करोश, तब पुतिन ने कदम पीछे खींचा।यही वह अप्रत्यक्ष भूमिका है, जो शेनझेन तक आते-आते और मजबूत हुई। भारत ने कभी किसी एक गुट का पिछलग्गू बनना स्वीकार नहीं किया। उसने रूस से ऊर्जा और रक्षा संबंध बनाए रखे, अमेरिका के साथ क्वाड और तकनीक की साझेदारी बढ़ाई, और चीन के साथ सीमा विवाद के बावजूद संवाद का दरवाजा बंद नहीं किया। विश्लेषकों का मानना है कि भारत की यही रणनीतिक स्वायत्तता तीनों महाशक्तियों को यह संदेश देती रही कि दुनिया सिर्फ तीन राजधानियों से नहीं चल सकती। भारत ने हर मंच पर - जी-20, ब्रिक्स, एससीओ, संयुक्त राष्ट्र - एक ही बात दोहराई: हमारा युद्ध का युग नहीं है। यह संवाद और कूटनीति का युग है।ह यही वाक्य आज शेनझेन की घोषणा की प्रस्तावना बन गया। भारत ने प्रत्यक्ष मध्यस्थता का दावा नहीं किया।हर उसने वह नैतिक दबाव बनाया, जिसके बिना परमाणु जोखिम को कम करने की बात शायद मेज तक पहुंचती ही नहीं। भारत का रोल पर्दे के पीछे के सूत्रधार का था- जो दिखता नहीं, पर जिसके बिना नाटक पूरा नहीं होता। इस नव निर्मित मंच पर एक नया वैश्विक समीकरण बनता हुआ प्रतीत होता



है।शेनझेन को कई लोग नए याल्टा से जोड़ रहे हैं। 1945 में याल्टा में अमेरिका, ब्रिटेन और सोवियत संघ ने मिलकर द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की दुनिया का नक्शा खींचा था। ट्रंप ने खुद कहा कि यह बैठक याल्टा से भी बड़ी है। लेकिन शेनझेन याल्टा नहीं है। याल्टा में दुनिया बांटी गई थी। शेनझेन में दुनिया को बांटने से रोकने की कोशिश हुई है। अब समीकरण बदल रहा है। अब दुनिया एकध्रुवीय नहीं रही, जहां अमेरिका अकेला फैसला करता था। न ही वह शीत युद्ध वाली द्विध्रुवीय दुनिया है। अब यह त्रिध्रुवीय- और उससे पार बहुध्रुवीय- दुनिया है। अमेरिका, चीन और रूस तीनों जानते हैं कि कोई भी अकेला दुनिया को नियंत्रित नहीं कर सकता। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार घोषणा में चार बातें तय हुईं। पहला, संयुक्त राष्ट्र में सुधार। दूसरा, परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाना। तीसरा, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के अधिकार क्षेत्र के दुरुपयोग को रोकना और चौथा, परमाणु जोखिम कम करना। इनमें से हर बिंदु एक नए समीकरण की ओर इशारा करता है। संयुक्त राष्ट्र सुधार का अर्थ है- 1945 वाली व्यवस्था अब 2026 की दुनिया को नहीं संभाल सकती। ऊर्जा आपूर्ति का अर्थ है- युद्ध के बावजूद दुनिया को ईंधन चाहिए। और भारत जैसे बड़े रिफाइनिंग देशों के लिए यह महत्वपूर्ण संकेत है। आईसीसी पर सहमति का अर्थ है - तीनों महाशक्तियाँ अब अपने ऊपर किसी बाहरी अदालत का अंकुश नहीं मानेंगी। इसलिए भारतीय विदेश नीति के विश्लेषकों का विचार है कि दिल्ली को अपनी ताकत बढ़ानी होगी। घरेलू उद्योग, तकनीक और रक्षा क्षमता ही असली कूटनीति है। इस मंच से यह तो स्पष्ट होता दिख रहा है कि महाशक्तियां चाहती हैं कि परमाणु युद्ध कभी नहीं होना चाहिए। यह इस घोषणा का सबसे मानवीय और सबसे प्रेरणादायी हिस्सा है। क्यों? क्योंकि परमाणु युद्ध में कोई 'सीमित युद्ध' नहीं होता। हिरोशिमा और नागासाकी ने दुनिया को दिखा दिया था कि एक बम एक शहर को मिटा सकता है। आज के बम उन बमों से 50 से 100 गुना अधिक शक्तिशाली हैं। अमेरिका के पास करीब 5,177, रूस के पास 5,459 और चीन के पास करीब 600 परमाणु हथियार हैं। भारत के पास भी करीब 180 हथियार हैं। अगर इनमें से एक भी चला, तो वह सिर्फ एक देश को नहीं, पूरी मानवता को नष्ट कर देगा। परमाणु सर्दी, विकिरण, फसलों का नाश, महामारी - वह सब किसी एक देश की सीमा में नहीं रहेगा। इसीलिए, शी जिनपिंग ने परमाणु हथियारों के पूर्ण प्रतिबंध और नाश की बात कही। ट्रंप ने कहा कि दुनिया को सिर्फ 10 बमों की जरूरत है। 4,000 की नहीं। पुतिन ने कहा कि तीनों देशों की द्वितीय विश्व युद्ध के विजेताओं के रूप में शांति बनाए रखने की साझा जिम्मेदारी है। अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि यह बैठक अमेरिका की बजाय चीन व रूस के लिए अधिक लाभदायक होगी। इसके तीन कारण हैं। पहला, मेजबानी का लाभ चीन को। बैठक चीन की धरती पर हुई। शी जिनपिंग मेजबान थे। दुनिया ने देखा कि अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति चीन आए। चीन उनके पास नहीं गया। इससे चीन की छवि एक वैश्विक शांतिदूत और बराबरी के महाशक्ति के रूप में मजबूत हुई। शेनझेन ने हमें एक प्रेरणा दी है - दुश्मन भी अगर एक मेज पर बैठ जाएं, तो दुनिया बच सकती है। भारत की अप्रत्यक्ष भूमिका ने इस मेज को मजबूत किया है। अब जरूरत है कि यह मेज टूटे नहीं। यह संवाद रुके नहीं। क्योंकि जब तक बात हो रही है, तब तक बम नहीं चलेंगे।और यही इस सदी की सबसे बड़ी आशा है।

दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



भय के माहौल में जी रही है आधी आबादी

अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस हर साल 25 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस हम ऐसे समय मना रहे है जब महिलाएं लगातार हिंसा की शिकार हो रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है वैश्विक प्रयासों के बावजूद इस दिशा में कोई सार्थक सुधार परिलक्षित नहीं हुआ है। भारत जैसे देश में आज भी आधी आबादी डेक्स दर्जे से बाहर निकलने के लिए भरसक प्रयास कर रही है। हमारे कर्णधार नेता महिलाओं के खिलाफ अनाप शनाप बयान गाहे बगाहे देते रहते है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट ने महिलाओं के खिलाफ हिंसा की भयावह तस्वीर पेश की है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर लगभग तीन में से एक महिला, यानी करीब 84 करोड़ महिलाओं ने अपने जीवनकाल में कभी न कभी यौन हिंसा का शिकार होने का दर्द झेला है। यह आंकड़ा मानवता के सबसे पुराने और व्यापक अन्याय को उजागर करता है, जिस पर अभी भी पर्याप्त कार्रवाई नहीं हो रही है। रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि पिछले एक वर्ष में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र की 31.6 करोड़ महिलाओं और लड़कियों को उनके इंटीमेट पार्टनर द्वारा शारीरिक या यौन हिंसा का सामना करना पड़ा। यह संख्या वैश्विक स्तर पर इस आयु वर्ग की सभी महिलाओं और लड़कियों के 11% के बराबर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा मानवता की सबसे पुरानी और सबसे व्यापक ज्यादतियों में से एक है, फिर भी इस पर सबसे कम कार्रवाई की जाती है। कोई भी समाज खुद को निष्पक्ष, सुरक्षित या स्वस्थ नहीं कह सकता जब तक कि उसकी आधी आबादी भय के माहौल में जी रही हो। इस हिंसा को समाप्त करना केवल नीतिगत मामला नहीं है, यह सम्मान, समानता और मानवाधिकारों का मामला है। भारत की बात करें तो राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की हाल ही में आई रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में साल 2024 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4,41, 534 मामले दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के मुताबिक, देश में औसतन हर घंटे महिलाओं के खिलाफ करीब 50 मामले दर्ज हुए। वहीं दुष्कर्म का एक मामला हर 18 मिनट में दर्ज किया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2024 में महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा मामले पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के रहे। ऐसे कुल 1,20,227 मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा महिलाओं के अपहरण और किडनैपिंग के 67,829 मामले तथा पॉक्सो एक्ट के तहत 67,809 मामले दर्ज हुए। महिलाओं की मर्यादा भंग करने की नीयत से हमले के 48,303 मामले सामने आए। वहीं, दुष्कर्म के 29,536 मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा यौन उत्पीड़न के 15,609, महिलाओं की मर्यादा का अपमान करने के 9,241 और कपड़े उतारने की नीयत से हमले के 8,409 मामले दर्ज हुए। भारत को संस्कार, संस्कृति और मर्यादा की त्रिवेणी कहा जाता है। भारतीय संस्कृति में नारी अस्मिता को बहुत महत्व दिया गया है। संस्कृत में एक श्लोक है- यत्र पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता। अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। मगर आज सब कुछ उल्टा पुल्टा हो रहा है। न नारी की पूजा हो रही है और देवताओं की जगह सर्वत्र राक्षस ही राक्षस दिखाई दे रहे है। आजकल रोज प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर महिलाओं के साथ दुष्कर्म और छेड़छाड़ की खबर दिखाई जाती रहती है परंतु इसकी रोकथाम के उपाय पर चर्चा कहीं नहीं होती है। इस तरह के अत्याचार कब रुकेंगे। क्या हम सिर्फ मूक दर्शक बन खुद की बारी का इंतजार करेंगे। लड़कियों पर अत्याचार पहले भी हो रहे थे और आज भी हो रहे है अगर इसके रोकने के कोई ठोस उपाय नहीं किये गए। आज भी हमारे समाज में बलात्कारी सीना तने खुलं आम घूमता है और बेकसूर पीड़ित लड़की को बुरी और अपमानित नजरों से देखा जाता है। न तो समाज अपनी जिम्मेदारी का माकूल निर्वहन कर रहा है और न ही सरकार। ऐसे में बालिका कैसे अपने को सुरक्षित महसूस करेगी यह हम सब के लिए बेहद चिंता की बात है। सच तो यह है कि एक छोटे से गांव से देश की राजधानी तक महिला सुरक्षित नहीं है। अंधेरा होते-होते महिला प्रगति और विकास की बातें छू-मंतर हो जाती हैं। कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित घर पहुंचने की चिंता सताने लगती है।

कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू



सकलित

दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी है। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते है? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत कराते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्म की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वोपरिता है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित

प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूं। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूं। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, जो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूं तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हां रोटी दूंगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूंगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िये। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मानने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

नवजात बच्चों पर ध्यान रखना जरूरी

हाल में खबरों से पता चले में आया कि राज्य में नवजात बच्चों को खरीदने-बेचने का काम चल रहा है। एक मामले में पुलिस टीमों ने एक आरोपी जिसे छोड़ खेतान बंद गिरफ्तार किया है जो तीन के छोटा का काम करता था। इन खबरों को ध्यान में रखकर परिवार के सभी बड़े सदस्यों से अनुरोध है कि वे नवजात बच्चों की देखभाल में बहुत सावधानी बरतें। अगर वह घर से बाहर जा रहा है, तो उसे अकेला न जाने दें। अगर वह बच्चों के साथ बाहर खेल रहा है, तो घर का कोई सदस्य उस पर नजर रखे। स्कूल में बैठते समय और स्कूल से आते समय विशेष रूप से बच्चे पर ध्यान रखें। ड्राइवर और अटेंडेंट को भी सावधान नजर और सावधानी रखने कहें। -नरेंद्र लखवाड़, कानपुर

ट्रेंड

सहयोग मजबूत करेंगे



जापान और जर्मनी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेंगे। दोनों देश विश्व में शांति, स्थिरता व नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए भी आपसी सहयोग बढ़ाएंगे। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

पंजाब में मिलकर लड़ेंगे



पंजाब में दोनों दल मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। आपसी दल हो गई तो बुलियन में रहेगा। चुनाव जीतने के बाद आपसी दल का नेता ही मुख्यमंत्री बनेगा। इस गठबंधन के नेतृत्व में प्रकाश सिंह बादल करेंगे। -अमित शाह, गृहमंत्री

इमोशनल गठबंधन



यह बिल्कुल राजनीतिक गठबंधन नहीं है। यह इमोशनल गठबंधन है। यहां पिता अपने दो बेटों का नवजात-नाना का गठबंधन है। किसी ने यह नहीं सोचा था कि हम ऐसा कभी कर पाएंगे। परंतु हम डटे रहे। यह रिश्ता मेरे पिताजी और अटल, आडवाणी जी ने बनाया था। यह पारिवारिक रिश्ता है। पंजाब को बचाने की जरूरत है। -सुखबीर सिंह बादल, पीडीए अध्यक्ष

तो शिवलिंग कैसे बनेगा



जंगल, पहाड़ और जंगलियर क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों में नई चेतना जागृत है। अगर आज जम्मू कश्मीर के पर्यावरण को इस तरह खत्म करेंगे और यह इतनी बड़ी ताकतें ले जाएंगे, तो शिवलिंग कैसे बनेगा? दिए आए जब दिखेंगे आएंगे? ऐसे तो सब अंदर हो जाएगा। -महबूबा मुफ्ती, पीडीपी अध्यक्ष

करंट अफेयर

यूनान का सबसे पुराना संग्रहालय एथेंस के एक्रोपोलिस में फिर खुला

यूनान की एक्रोपोलिस पहाड़ी पर 1874 से स्थित देश का आधुनिक काल का सबसे पुराना संग्रहालय व्यापक जीर्णोद्धार और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस होने के बाद सोमवार को फिर से आम लोगों के लिए खोल दिया गया। पत्थरों से बनी इस छोटी इमारत पर अक्सर पर्यटकों का ध्यान नहीं जाता। यह संग्रहालय 2007 से आम लोगों के लिए बंद था। इसके तीन साल बाद यूनान गंभीर आर्थिक संकट की चपेट में आ गया था। संस्कृति मंत्री लीना मेंडोनी ने बताया कि सात साल तक चले जीर्णोद्धार कार्य पर 62 लाख यूरो (करीब 68 लाख अमेरिकी डॉलर) खर्च हुए।



ऑफ बीट

बुजुर्गों का मस्तिष्क नींद की कमी से बेहतर ढंग से निपटता है

आमतौर पर माना जाता है कि उम्र बढ़ने के साथ साथ शरीर एवं मस्तिष्क की कार्यक्षमता कम होने लगती है, लेकिन एक नए शोध में दावा किया गया है कि स्वस्थ बुजुर्गों का मस्तिष्क युवाओं की तुलना में नींद की कमी का बेहतर ढंग से सामना कर सकता है। इसमें विशेष रूप से न्यूरोप्लास्टिसिटी पर ध्यान दिया गया। न्यूरोप्लास्टिसिटी मस्तिष्क की वह असाधारण क्षमता है, जिसके तहत वह अपने तंत्रिका संपर्कों को पुनर्गठित कर अनुभवों और परिस्थितियों के अनुसार खुद में बदलाव करता है। मस्तिष्क में यह क्षमता बचपन, किशोरावस्था और युवावस्था के शुरुआती वर्षों में सबसे अधिक सक्रिय रहती है।



संक्षेप

25 लाख चोरी का 10 दिन बाद भी खुलासा नहीं

रामगंज थाना प्रभारी लाइन हाजिर, एसओजी प्रभारी को मिली कमान

अमेठी , बड़ी चोरी का खुलासा न कर पाने पर एसपी सरवणन टी ने रामगंज थाना प्रभारी रामराज कुशवाहा को लाइन हाजिर कर दिया है। उनकी जगह एसओजी प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनूप सिंह को रामगंज थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, मुसाफिरखाना में तैनात सब इंस्पेक्टर गोपालमणि मिश्र को नया एसओजी प्रभारी बनाया गया है। रामगंज थाना क्षेत्र में करीब 10 दिन पहले चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। चोरों ने एक घर से 20 से 25 लाख रुपए से अधिक का माल पार कर दिया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस अब तक चोरों तक नहीं पहुंच सकी। इसी मामले की समीक्षा के बाद एसपी ने थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की। 10 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली रामगंज थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना से इलाके में दहशत का माहौल था। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बावजूद 10 दिन बीतने पर भी पुलिस चोरी का खुलासा नहीं कर सकी। इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे थे। एसपी ने समीक्षा के बाद की कार्रवाई मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सरवणन टी ने खुद इसकी समीक्षा की। बताया जा रहा है कि समीक्षा में थाना प्रभारी रामराज कुशवाहा की लापरवाही सामने आई। इसके बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया। अनूप सिंह को रामगंज थाने की जिम्मेदारीएसओजी प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनूप सिंह को रामगंज थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। वहीं, मुसाफिरखाना में तैनात सब इंस्पेक्टर गोपालमणि मिश्र को एसओजी की कमान सौंपी गई है। अब नए थाना प्रभारी के सामने चोरी की घटना का खुलासा करना चुनौती होगी ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत सख्त एसपी सरवणन टी के आने के बाद जिले में अपराध नियंत्रण के लिए ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत रात में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों की कार्यशैली की भी समीक्षा हो रही है। रामगंज थाना प्रभारी पर हुई कार्रवाई के बाद जिले के अन्य थाना प्रभारियों में भी हलचल है।

ग्रामीणों ने कोटेदार को हटाने की मांग की

राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत, डीएम और पूर्ति निरीक्षक को दिया पत्र

अमेठी , ग्राम पंचायत ढेमा के ग्रामीणों ने कोटेदार पर राशन वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने जिलाधिकारी और पूर्ति निरीक्षक को पत्र देकर कोटेदार को हटाने और किसी दूसरे व्यक्ति को जिम्मेदारी सौंपने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार की मनमानी के कारण पात्र राशन कार्डधारकों को सरकारी योजना का पूरा लाभ नहीं मिल रहा। उनका कहना है कि कार्डधारकों को तय मात्रा में अनाज नहीं दिया जाता। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवा लेता है, लेकिन राशन नहीं देता। कुछ कार्डधारकों ने कई महीनों से अनाज नहीं मिलने की शिकायत भी की है।

मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट भरतपुर में मूलभूत सुविधाओं से सम्बन्धित कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराये विभाग: डीएम

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित को दिये सख्त निर्देश

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में दूरस्थ ग्राम भरथापुर के विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु ग्राम सेमरहना में विकसित किए जा रहे स्मार्ट ग्राम भरतपुर के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप विस्थापित परिवारों को बेहतर आवासीय एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्मार्ट ग्राम का विकास किया जा रहा है। ग्राम्य विकास, लोक निर्माण, विद्युत, जल निगम, बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभागों द्वारा विभिन्न सुविधाओं को विकसित करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराए जाएं। आवासों में प्लास्टर, गोबर पेंटिंग, पीओपी, बाउंड्रीवाल, विद्युत वायरिंग एवं पंखे लगाने सहित शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीएफओ कतर्नियाघाट अपूर्व दीक्षित, सीएमओ डॉ. संजय कुमार, एसडीएम मोनालिसा जौहरी, अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार, डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पदोन्नति में देरी के विरोध में महासंघ का अनिश्चित कालीन धरना

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद में शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया में हो रही अनावश्यक देरी को लेकर शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। इस समस्या के समाधान और अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, बहराइच ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। संगठन द्वारा दिनांक 26 नवंबर (गुरुवार) को अपराह्न 3:30 बजे से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय परिसर में अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। संगठन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस आंदोलन की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्रा ने बताया कि पदोन्नति की मांग को लेकर लंबे समय से शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बाध्य होकर संगठन ने अनिश्चितकालीन धरने का निर्णय लिया है। यह धरना तब तक निरंतर जारी रहेगा, जब तक शिक्षकों की सभी जायज मांगें पूरी नहीं कर ली जातीं।आंदोलन को सफल बनाने के लिए जनपद के सभी विकास खंडों के अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री सहित समस्त जनपदीय एवं ब्लॉक पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी पदाधिकारियों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने विकास खंडों के शिक्षक-शिक्षिकाओं से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में बीएसए कार्यालय पहुंचें, ताकि धरने को ऐतिहासिक और सफल बनाया जा सके।इस मौके पर जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सगीर अंसारी, शिव शंकर पाठक,विनोद कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता बनवाएं कोटेदार



एसडीएम अमन देवल ने दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। मतदाता सूची में नए युवाओं के नाम शामिल कराने के उद्देश्य से बुधवार, 25 नवंबर 2026 को एसडीएम कैसरगंज अमन देवल ने क्षेत्र के कोटेदारों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम ने सभी कोटेदारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायत के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से संपर्क स्थापित करें और गांव में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी युवाओं को मतदाता बनवाने में सहयोग करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र युवक या युवती मतदाता बनने से वंचित न रह जाए। कोटेदार अपने क्षेत्र में ऐसे सभी युवाओं की जानकारी जुटाकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि पात्र लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराया जा सके। एसडीएम अमन देवल ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना बेहद जरूरी है।

दादा मियां के उर्स में गूंजी इल्म की अहमियत

मौलाना नोमान अख्तर ने तालीम को बताया इंसान की सबसे बड़ी जरूरत

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज नगर पंचायत स्थित ऐनी में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत तीन दिवसीय हजरत दादा मियां के उर्स के मुकद्दस मौके पर 24 नवंबर की रात भव्य तकरीरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में मेहमान-ए-खुसूसी मौलाना नोमान अख्तर फैजुल जमाली, मौलाना शमसुद्दीन, मदरसा नूरिया ऐनी के उलेमा सहित नातख्वां सैफ रजा कानपुरी, नसीम सालार और नातख्वां निजामत कफील अख्तर कलकत्तवी ने अपने कलाम और तकरीरों से लोगों को संबोधित किया। मुख्य वक्ता मौलाना नोमान अख्तर ने इल्म और तालीम की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि हर इंसान के लिए इल्म हासिल करना फर्ज है। उन्होंने कहा कि खाने-पीने और दूसरी जरूरतों से बढ़कर तालीम को प्राथमिकता देनी चाहिए। इल्म हासिल करने के लिए अगर चीन तक जाना पड़े तो भी पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना इंसान की जिंदगी अधूरी है। तालीम ही वह ताकत है, जो व्यक्ति, समाज और देश को तरक्की की राह पर आगे बढ़ाती है। उन्होंने समाज में फैली बुराइयों को दूर करने, आपसी भाईचारा कायम रखने और मुल्क की तरक्की में बढ़-चढ़कर योगदान देने की अपील की। साथ ही भारत की विश्व स्तर पर तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं कीं। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने देश के विकास में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इस दौरान उस्मान अली सरपरस्त, इमरान अली खजांची, शमसुद्दीन बरकाती नायब सदर, कसीम भाई, हाजी राशिद, अमीन सहनसा, मुनान, कलामुद्दीन सहित ऐनी के तमाम गणमान्य नागरिक, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे।

लायंस क्लब बहराइच आशा ने 250 बाढ़ पीड़ितों को वितरित की राहत



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लायंस क्लब बहराइच आशा की ओर से बाढ़ प्रभावित गांव पिपरी में राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 250 बाढ़ पीड़ितों को इंटरनेशनल से प्राप्त राहत सामग्री वितरित की गई। राहत सामग्री पाकर बाढ़ प्रभावित परिवारों ने राहत महसूस की। इस सेवा कार्य को क्लब की अध्यक्ष लायन रुचि पांडे, जोन चेयरपर्सन लायन अल्पना सिंह, कोषाध्यक्ष लायन संध्या गोयल एवं सचिव लायन कंचन मातनहेलिया ने अपनी पूरी टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न कराया। क्लब की टीम ने जरूरतमंद परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाकर सेवा और सहयोग का संदेश दिया।

दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, 2 युवकों की मौत

अमेठी में तीसरा साथी घायल, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने हादसा

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , बीती रात दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक घायल हो गया। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, उसकी हालत खतरे से बाहर है।

बैंक के सामने हुआ हादसा

हादसा शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने रात करीब 10 बजे हुआ। टक्कर के बाद दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार तीनों युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची शिवरतनगंज पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

इलाज के दौरान दो ने तोड़ा दम

एक मोटरसाइकिल पर अकबरपुर फर्शी, थाना शिवरतनगंज निवासी यशराज (18) पुत्र राजकुमार मौर्य सवार थे। उनके पीछे गोधना मजरे दादूपुर, थाना शिवरतनगंज निवासी रामशंकर पुत्र सहदेव मौर्य बैठे थे। दूसरी मोटरसाइकिल सहादतगंज, थाना इन्हौना निवासी नागेश पुत्र मेवालाल चला रहे थे। पुलिस ने नागेश को सीएचसी सिंहपुर भेजा, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, 200 बेड अस्पताल में भर्ती यशराज ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। रामशंकर का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी दयाशंकर मिश्र ने बताया कि हादसा रात करीब 10 बजे हुआ था। तीसरे घायल की हालत खतरे से बाहर है।

पुलिसकर्मियों पर स्कॉर्पियो चढ़ाने की कोशिश

रुकने का इशारा किया तो बैरियर तोड़कर भागा ड्राइवर, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो चालक ने पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश की। पुलिस टीम ने लाल डिग्गी पर काली स्कॉर्पियो को रोकने का इशारा किया तो चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय रफ्तार बढ़ा दी और पुलिसकर्मियों की तरफ गाड़ी दौड़ा दी। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह बचकर जान बचाई। इसके बाद चालक बैरियर तोड़कर फरार हो गया। स्कॉर्पियो के पिछले शीशे पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिकंदराराऊ (हाथरस)' लिखा था। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

रोकने का इशारा किया तो बढ़ा दी रफ्तार

पुलिस के मुताबिक, शाम करीब 6:30 बजे सिविल लाइंस पुलिस की टीम लाल डिग्गी पर शांति व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के लिए वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एएमयू सर्किल की तरफ से काले रंग की स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में आती दिखाई दी। पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय सीधे पुलिस टीम की तरफ बढ़ा दी।

बैरियर तोड़कर स्कॉर्पियो लेकर भागा

आरोप है कि चालक ने पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने बचने का प्रयास किया तो चालक बैरियर को टक्कर मारकर स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। गाड़ी के पीछे नगर पालिका परिषद सिकंदराराऊ के अध्यक्ष का नाम लिखा हुआ था। पुलिस ने वाहन नंबर UP86A2308 के आधार पर चालक की पहचान शुरू कर दी है।

जानलेवा हमले की धारा में मुकदमा दर्ज

उपनिरीक्षक मोहम्मद आसिफ की तहरीर पर सिविल लाइंस थाने में 25 नवंबर की रात 1:31 बजे एफआईआर दर्ज की गई। मुकदमे में बीएनएस की धारा 281 और 109(1) लगाई गई हैं। मामले की जांच उपनिरीक्षक मनीष कुमार को सौंपी गई है। पुलिस अब वाहन के मालिक और घटना के समय गाड़ी चला रहे व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है।

गोवंश के अवशेष मिलने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

सुलतानपुर पुलिस ने ठीहा, चाकू, चापड़ और रस्सी बरामद किया

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर , बंधुआकलां थाना क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को बुधवार 4 बजे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से घटना में इस्तेमाल सामान भी जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। 22 नवंबर को बंधुआकलां थाने में तैनात हेड कांस्टेबल राघवेन्द्र सिंह और कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता अलीगंज बाजार इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने सुलतानपुर-अमेठी सीमा के पास गोवंश के अवशेष पड़े होने की सूचना दी। अवशेष ग्राम ऊंचगांव (मजरे पूरे बुनियाद सिंह का पुरवा) और तेलियानी पुल के बीच नहर की दक्षिणी पटरी के पास मिले थे। सीमा पर होने के कारण बंधुआकलां पुलिस के साथ अमेठी के मुसाफिरखाना थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची। सीओ सिटी राघवेंद्र सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सबूत जुटाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस ने पशु डॉक्टर को बुलाकर जांच कराई। हेड कांस्टेबल राघवेन्द्र सिंह की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गोहत्या निवारण अधिनियम की धारा 3/5अ/8 के तहत केस दर्ज किया गया। मामले की जांच उपनिरीक्षक संजय कुमार पाठक को सौंपी गई थी। पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी थी। जांच में मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने बुधवार, 25 नवंबर को भुलई का पुरवा मार्ग से कुड़वार-अलीगंज मार्ग के पास मो. मोईद उर्फ नरई को गिरफ्तार किया। करीब 42 साल का मो. मोईद, मो. हबीब का बेटा है। वह सुलतानपुर जिले के कुड़वार थाना क्षेत्र के ग्राम ककरहवा, मजरे कोटिया का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, उसके पास एक प्लास्टिक की बोरी में ठीहा, चाकू, चापड़ और जानवर बांधने वाली रस्सी मिली। पुलिस ने सामान को सील कर दिया।

पुरानी रंजिश में घर में घुसकर कुल्हाड़ी से हमला

प्रतापगढ़ में 6 लोग घायल, 10 लोगों पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , तरोईडीह गांव में सोमवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला किया। घटना में महिलाओं समेत छह लोग घायल हुए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मंगलवार देर रात को राजीव, मुकेश समेत करीब 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया फतनपुर थाना क्षेत्र के तरोईडीह गांव की ममता सिंह, पत्नी अनिल सिंह, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पड़ोस के कुछ लोग उनसे रंजिश रखते हैं। सोमवार सुबह आरोपी एकजुट होकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मारपीट में ममता सिंह, सचिता, अरविंद, साक्षी, गुजराती और आशा देवी घायल हुए। ममता सिंह ने फतनपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत दी और कार्रवाई की मांग की।



बाइकों की टक्कर में 3 युवकों की मौत

प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम, दो गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , लीलापुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। बेलखारिया गांव के पास हुए हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, पूरे पांडेय-पतुलकी गांव निवासी चित्रभान सिंह (45) पुत्र अमर सिंह और संदीप सिंह उर्फ भूपेंद्र सिंह (34) पुत्र भरत सिंह बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से दूसरी बाइक पर आदित्य सिंह (25) पुत्र त्रिलोचन सिंह, सम्राट सिंह (14) और अनुराग सिंह (18) आ रहे थे। बेलखारिया गांव के पास दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पांचों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लिया।

पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लिया। अस्पताल ले जाते समय तीसरे ने तोड़ा दम सूचना पर पहुंची लीलापुर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को लालगंज ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने चित्रभान और संदीप को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर हालत में आदित्य, सम्राट और अनुराग को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। परिजन आदित्य को बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। देर रात परिजन उसका शव लेकर घर लौटे। बुधवार सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सम्राट और अनुराग का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है और दो घायल हैं। पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

संक्षेप

बागपत एसपी ने इनफ्लुएंसर्स से जागरूकता फैलाने को कहा

बाल विवाह और साइबर फ्रॉड पर लोगों तक संदेश पहुंचाने की अपील

बागपत।पुलिस अधीक्षक पूर्णेन्दु सिंह ने जनपद के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स के साथ पुलिस लाइन स्थित सभागार में बैठक आयोजित की। बैठक में पुलिस विभाग की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न जनजागरूकता अभियानों को सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने और लोगों को जागरूक करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान एसपी पूर्णेन्दु सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनजागरूकता फैलाने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स की पहुंच बड़ी संख्या में लोगों तक है। ऐसे में पुलिस विभाग के जागरूकता अभियानों को सफल बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। एसपी ने विशेष रूप से मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करने में सहयोग की अपील की। इसके साथ ही बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए लोगों को जागरूक करने और समाज में इसके खिलाफ सकारात्मक संदेश प्रसारित करने पर जोर दिया।वहीं, लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी के मामलों को देखते हुए साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि लोगों को अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के प्रति जागरूक किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स से पुलिस के जनहितकारी अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

बिजली का तार खेतमें गिरने से गन्ने की फसल जली

बड़ौत में छह बीघा फसल नष्ट, प्रधान ने मुआवजे और जांच की मांग की

बागपत ,बड़ौत में बिजली का तार टूटकर गन्ने के खेत में गिर गया। आग लगने से करीब छह बीघा फसल जल गई। किसान रामभजन प्रधान ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 3:30 बजे रामभजन प्रधान को उनके खेत में आग लगने की सूचना मिली। खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन का तार टूटकर गन्ने की फसल में गिरा था। ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन फसल को बचाया नहीं जा सका। किसान का आरोप है कि बिजली लाइन की समय पर जांच और रखरखाव नहीं होने से यह घटना हुई। रामभजन प्रधान ने संबंधित अधिकारियों को शिकायत देकर जली फसल का मुआयना कराने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने बिजली विभाग की लापरवाही की जांच कर कार्रवाई करने को भी कहा है। किसान के मुताबिक, गन्ने की फसल तैयार करने में महीनों की मेहनत और लागत लगी थी। बिजली विभाग के जेई कपिल कुमार ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रयागराज पुलिस की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालने पर मुकदमा दर्ज

पीएचक्यू के सामने पुतला जलाया था, धोखाधड़ी के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , पुलिस की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालने और पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) के सामने प्रतीकात्मक शव जलाने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। सिविल लाइंस थाने में तीन नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। दरोगा की तहरीर में आरोप लगाया गया है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी और अभद्र टिप्पणियां कीं। प्रतीकात्मक शव यात्रा से आम लोगों में भय का माहौल बना और यातायात भी प्रभावित हुआ। दरअसल, पूरा मामला



64 हजार रुपये की कथित धोखाधड़ी के मुकदमे में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन से जुड़ा है। पुलिस के मुताबिक, झूंसी निवासी बृजेश कुमार तिवारी की शिकायत पर 3 नवंबर को सिविल लाइंस थाने में अभय पांडेय के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि मुकदमे में गंभीर धाराएं नहीं लगाई गई हैं। विवेचना के दौरान साक्ष्य जुटाने के बाद 5 नवंबर को मुकदमे में संबंधित धारा बढ़ाई गई। इसकी जानकारी शिकायतकर्ता को भी दी गई थी। हालांकि, वह आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे।

थाने में आमरण अनशन के बाद पीएचक्यू पहुंचे प्रदर्शनकारी

चौकी प्रभारी साई धाम विपिन कुमार यादव की तहरीर के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने आरोपी की गिरफ्तारी होने तक आमरण अनशन जारी रखने की बात कही थी। इसके बाद कुछ अन्य लोग भी थाने में धरने पर बैठ गए। आरोप है कि थाने के कार्यालय की ओर दो साउंड बॉक्स और दो लाउडस्पीकर लगाकर तेज आवाज में गाने बजाए गए। माइक से नारेबाजी के साथ पुलिस के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां भी की गईं। पुलिस के मुताबिक, 10 नवंबर को शिकायतकर्ता की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तेज बहादुर सप्रू (बेली) अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद थाने पर चल रहा धरना समाप्त हो गया।

किशोर से कुकर्म के मामले में पीड़ित परिवार को धमकी

प्रयागराज में आरोपियों ने मां को धमकाया, बोले- शिकायत की तो जान से मार देंगे

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , रसूलाबाद में 14 वर्षीय किशोर से कुकर्म के मामले में अब पीड़ित परिवार को धमकाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि किशोर की मां जब पेश इमाम के खिलाफ शिकायत करने थाने जा रही थीं, तभी रास्ते में दो लोगों ने उन्हें रोक लिया। दोनों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही महिला के पति की सैलून की दुकान खाली कराने की भी चेतावनी दी थी। इस मामले में पुलिस ने मेहंदौरी कॉलोनी निवासी दो लोगों को भी आरोपी बनाया है। फिलहाल दोनों की तलाश की जा रही है।

थाने जाने से पहले रास्ते में रोका

पीड़ित किशोर की मां के मुताबिक, बेटे के साथ हुई घटना की जानकारी



मिलने के बाद वह पुलिस से शिकायत करने जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में दो लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने शिकायत न करने का दबाव बनाया और पुलिस तक मामला पहुंचाने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि दोनों ने उनके पति की सैलून की दुकान खाली कराने की भी धमकी दी थी। इससे परिवार डर गया। बताया गया कि डर के कारण महिला अपने बेटे को लेकर घर छोड़कर चली गई थीं।

आरोपी इमाम की बताई जा रही दुकान वाली बिल्डिंग

महिला का पति नाई की दुकान यानी सैलून चलाता है। शिवकुटी थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जिस बिल्डिंग में सैलून की दुकान है, वह आरोपी पेश इमाम मोहम्मद जाहिद की बताई जा रही है। महिला ने आरोप लगाया है कि इसी वजह से दुकान खाली कराने की धमकी देकर परिवार पर दबाव बनाया गया।धमकी देने के आरोप में नामजद दोनों लोग मेहंदौरी कॉलोनी के रहने वाले हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।पुलिस के मुताबिक, 14 वर्षीय किशोर करीब तीन महीने से रसूलाबाद में अरबी पढ़ने जा रहा था। आरोप है कि 11 से 14 नवंबर के बीच पेश इमाम मोहम्मद जाहिद ने उसके साथ लगातार चार दिन तक कुकर्म किया।

बच्चे को स्कूटी पर जबरन ले गए युवक

दुकान पर 100 रुपए का नकली नोट देकर सामान लिया; विरोध पर छोड़कर भागे आरोपी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , माधवपुरम में घर के बाहर पार्क में खेल रहे 12 साल के बच्चे को दो अज्ञात युवक कथित तौर पर जबरन स्कूटी पर बैठाकर ले गए। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने बच्चे के साथ मारपीट की और उसे डराया-धमकाया। इसके बाद बच्चे को सेक्टर-1 में एक दुकान पर ले जाकर 100 रुपए का नकली नोट देकर सामान लिया। दुकानदार को नोट नकली होने का शक हुआ और उसने विरोध किया तो दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। मामला ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के माधवपुरम सेक्टर-3 का है। बच्चे के पिता ने थाना ब्रह्मपुरी थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनका करीब 12 वर्षीय बेटा घर के पास स्थित पार्क में खेल रहा था। इसी दौरान दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और उसका मुंह दबाकर हाथ पकड़ लिया। इसके बाद उसे जबरन अपनी स्कूटी पर बैठा लिया। बच्चे ने हाथ-पैर चलाकर विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और डराया-धमकाया। आरोपी बच्चे को सेक्टर-1 में दिनेश रोडी डीलर के पास स्थित एक दुकान पर ले गए। वहां 100 रुपए का नोट देकर सामान लिया। दुकानदार ने नोट नकली होने की बात कहते हुए विरोध किया। इसी दौरान हंगामा होने पर दोनों युवक स्कूटी लेकर फरार हो गए। दुकानदार ने फोन कर बच्चे के परिजनों को सूचना दी। पिता मौके पर पहुंचे तो उनका बेटा डरा-सहमा और रोता हुआ मिला। पूछताछ में बच्चे ने पूरी घटना बताई। पिता ने पुलिस को शिकायत देकर घटनास्थल और रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कराने तथा आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है।

शिकायत में आरोपियों द्वारा नकली नोट इस्तेमाल किए जाने की आशंका भी जताई गई है। पुलिस ने सीसीटीवी जांच में घटना को बताया झूठाब्रह्मपुरी थाना प्रभारी राजेश कंबोज का कहना है कि घटना के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कराई गई है।

मेरठ में किसान भूख हड़ताल पर बैठेंगे

पहले एमडीए परिसर में करेंगे गंगाजल का छिड़काव, 30 नवंबर को महापंचायत

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , मुआवजे और प्लॉट की मांग को लेकर एमडीए परिसर में किसानों का धरना 24वें दिन भी जारी रहा। मांगों पर सुनवाई नहीं होने से नाराज किसानों ने अब आंदोलन तेज करने का फैसला लिया है। किसानों ने बुधवार से भूख हड़ताल शुरू करने का ऐलान किया है। इसके साथ ही 30 नवंबर को होने वाली महापंचायत की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। किसानों ने आसपास के गांवों में जनसंपर्क कर अधिक से अधिक लोगों से महापंचायत में पहुंचने की अपील की है।

एमडीए परिसर में गंगाजल का होगा छिड़काव

देव दीपावली के अवसर पर किसानों ने गढ़ गंगा से गंगाजल मंगवाया है। इस गंगाजल का एमडीए परिसर में छिड़काव किया जाएगा। किसानों का कहना है कि इसके जरिए अधिकारियों की सद्बुद्धि के लिए कामना की जाएगी, ताकि उनकी मांगों पर सुनवाई हो और समस्या का समाधान निकल सके। किसानों ने बताया कि 24 दिन से धरना देने के बावजूद अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी वजह से भूख हड़ताल शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कुछ किसान शामिल होंगे, जबकि बाकी किसान आंदोलन और महापंचायत की तैयारियों में जुटेंगे।

महापंचायत के लिए गांवों में जनसंपर्क

किसानों ने 30 नवंबर को एमडीए परिसर में महापंचायत बुलाई है। इसके लिए आसपास के गांवों में संपर्क किया जा रहा है। किसान यूनियनों के साथ राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों को भी महापंचायत में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। किसानों की कोशिश है कि महापंचायत में अधिक से अधिक किसान और संगठन पहुंचें। इसमें मुआवजे और प्लॉट की मांग को लेकर आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी। किसानों ने साफ किया है कि मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा।

सीसीएसयू में छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग फिर उठेगी

राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे, परिसर में नशे के मामले भी उठाएंगे

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी (सीसीएसयू) में छात्रसंघ चुनाव बहाल कराने की मांग एक बार फिर तेज होने जा रही है। 28 नवंबर को विश्वविद्यालय में होने वाले पश्चिमांचल स्टार्टअप संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल शामिल होंगी। उनके दौरे के दौरान छात्र नेता उनसे मुलाकात कर चुनाव बहाली के लिए ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। छात्र नेताओं का कहना है कि चुनाव नहीं होने से छात्रों की समस्याओं को मजबूती से उठाने वाला कोई निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं है। वे राज्यपाल के सामने छात्रसंघ चुनाव दोबारा शुरू कराने और विश्वविद्यालय परिसर में नशे से जुड़ी गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग रखेंगे।

चुनाव नहीं होने से छात्रों की आवाज उठाने वाला प्रतिनिधि नहीं

छात्र नेताओं का कहना है कि छात्रसंघ चुनाव सिर्फ चुनावी प्रक्रिया नहीं, बल्कि छात्रों के अधिकारों और उनकी आवाज का जरिया हैं। चुनाव नहीं होने से विश्वविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को उठाने वाला निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं है। ऐसे में चुनाव बहाल होना जरूरी है। छात्र नेताओं ने साफ किया है कि राज्यपाल के सामने उनकी प्रमुख मांग छात्रसंघ चुनाव दोबारा शुरू कराने की रहेगी शराब पार्टी और नशे में घूमने के वीडियो वायरल होने का आरोपछात्र नेता विश्वविद्यालय परिसर में नशे से जुड़े मामलों को भी राज्यपाल के सामने उठाएंगे। उनका कहना है कि पिछले दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने अपने संबोधन के दौरान युवाओं में बढ़ते नशे के चलन पर चिंता जताई थी। इसके बावजूद पिछले करीब 10 दिनों से विश्वविद्यालय परिसर में कथित शराब पार्टियों, शराब की खाली बोतलों और नशे की हालत में घूमते युवकों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

घर में अकेली 10वीं की छात्रा से दुष्कर्म

दीवार फांदकर घर में घुसा आरोपी, शोर सुनकर लोग पहुंचे तो भागा; रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, कॉलोनी में रात घर में अकेली 15 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला युवक दीवार फांदकर घर में घुसा और वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर छात्रा के साथ मारपीट भी की। शोर सुनकर आसपास के लोग आने लगे तो आरोपी भाग निकला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

शादी समारोह में गया था परिवार

परिवार के लोग सोमवार रात रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। छात्रा घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी युवक दीवार फांदकर घर में घुस आया। वह छात्रा को कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा के शोर मचाने पर आसपास के लोग घर की ओर आने लगे। इस पर आरोपी मौके से भाग गया। परिवार के लौटने पर छात्रा ने उन्हें घटना की जानकारी दी।

शिकायत करने पर धमकी देने का आरोप

परिवार का आरोप है कि पुलिस में शिकायत करने पर आरोपी पक्ष के लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद परिजन छात्रा को लेकर मोदीनगर थाने पहुंचे और शिकायत दी। एसीपी मोदीनगर सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया है। जल्द ही मजिस्ट्रेट के सामने उसके बयान दर्ज कराए जाएंगे।

'बचाओ-बचाओ' चिल्लाते होटल से भागी लड़की, लड़के ने बनाया था बंधक

कहता था- मेरी नहीं हुई तो किसी और की होने नहीं दूंगा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, दोपहर 24 साल की एक लड़की होटल से बचाओ-बचाओ चिल्लाते हुए बाहर भागी। तभी पीछे से आए एक युवक ने उसके बाल पकड़कर खींच लिया और गोद में उठाकर वापस होटल के अंदर ले जाने लगा। लड़की की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। भीड़ को देखकर आरोपी उसे छोड़कर होटल के अंदर भाग गया। लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन होटल कर्मचारियों ने उन्हें रोक दिया। काफी देर तक हंगामा होता रहा। इसी बीच आरोपी मौका पाकर होटल की तीसरी मंजिल की छत से फरार हो गया। घटना दोपहर 1:30 बजे की है। पुलिस के मुताबिक, लड़के ने लड़की को होटल में बंधक बनाकर रखा था। वह उसे चाकू दिखाकर धमकाता था। आरोपी कहता था, ₹अगर तुम मेरी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा। जान से मार दूंगा।₹ सूचना पर पहुंची पुलिस युवती को अपने साथ थाने ले गई। वहां उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी की पहचान सलमान के रूप में हुई। वह शादीशुदा है। मामला सदर बाजार थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, करीब एक साल पहले गाजियाबाद की रहने वाली लड़की की मुलाकात मेरठ में कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के सलमान से हुई थी। दोनों एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। इसी दौरान उनकी बातचीत शुरू हुई और धीरे-धीरे मुलाकातें होने लगीं। हाल ही में लड़की की शादी तय हो गई। इसके बाद उसने नौकरी छोड़ दी। दोनों का मिलना-जुलना भी बंद हो गया। सलमान ने कई बार उससे मिलने की कोशिश की, लेकिन लड़की ने इनकार कर दिया। करीब 2 दिन पहले लड़की अपनी सहेली के घर मेरठ आई थी। इसकी जानकारी सलमान को हो गई। उसने लड़की को नौकरी दिलाने के बहाने से बुलाया और आबूलेन मार्केट के स्क्वायर होटल ले गया। वहां उसे कमरे में बंद कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शी बोला- होटल कर्मचारियों ने आरोपी को भगाया

प्रत्यक्षदर्शी अमन ने बताया, लड़की बदहवास हालत में होटल से बाहर आई थी। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे। वह खुद को बचाने के लिए चिल्ला रही थी। उसके साथ सलमान नाम का एक लड़का भी था, जो उसे जबरदस्ती अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रहा था। हम लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे छोड़कर होटल के अंदर भाग गया।होटल कर्मचारियों ने लोगों को अंदर जाने से रोकाअमन ने बताया- हम लोग आरोपी को पकड़ने के लिए होटल के अंदर भागे। इस पर कर्मचारियों ने रोक दिया। उन्होंने कहा कि वे खुद उसे नीचे लेकर आ रहे हैं। इसी बीच आरोपी तीसरी मंजिल की छत से बगल के मकान पर कूदकर फरार हो गया। दो लोग उसके पीछे भी भागे, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। इसके बाद होटल कर्मचारियों ने पीछे से दरवाजा बंद कर दिया।

बिल्डिंग से कूदकर छात्रा ने दी जान

गार्ड की सूचना पर परिजन को हुई जानकारी, पुलिस मौत के कारणों का लगा रही पता

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सेक्टर-100 स्थित लोटस स्पेशिया सोसाइटी में तड़के 11वीं की छात्रा (16) की 19वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। छात्रा की पहचान दीक्षिता (16) पुत्री अभिनव दुबे के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ टावर-34 के फ्लैट नंबर 1902 में रहती थी।



पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 3 बजे छात्रा ने बालकनी से छलांग लगा दी। सिक्योरिटी गार्ड की सूचना पर परिजन नीचे पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि छात्रा के परीक्षा में कम नंबर आए थे। इससे वह डिप्रेशन में रहती थी। परिजन ने किसी बात पर उसे डांटा भी था। जिससे वह परेशान थी। हालांकि, पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है। छात्रा के मोबाइल फोन की जांच की जा रही है और परिजनों से पूछताछ भी हो रही है। सेक्टर-39 थाना प्रभारी डीपी शुक्ल के मुताबिक, छात्रा के पिता एडिडास कंपनी में वरिष्ठ अधिकारी हैं। परिवार मूलरूप से लखनऊ का रहने वाला है।

ग्रेटर नोएडा में मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार

चोरी के 9 मोबाइल और 4 बाइक बरामद, पुलिस की गोली लगने से हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा के दादरी में रात पुलिस और बाइक सवार दो संदिग्धों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में लोकेश नाम का बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है। उसके कब्जे से 9 मोबाइल फोन, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। उसकी निशानदेही पर चोरी की 4 मोटरसाइकिलें भी मिली हैं।

पुलिस को देखकर भागने लगे बाइक सवार

पुलिस के मुताबिक, रात बौड़ाकी कट के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान सामने से बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों बाइक लेकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में लोकेश के पैर में गोली लग गई, जबकि उसका साथी भाग निकला।



बैग में मिले चोरी और छीने गए 9 मोबाइल

घायल लोकेश बुलंदशहर जिले के चोला थाना क्षेत्र के खवासपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस को उसके पास से तमंचा, कारतूस, एक बैग में रखे चोरी और छीने गए 9 मोबाइल फोन और सफेद धातु के दो सिक्के मिले हैं। लोकेश की निशानदेही पर चोरी की चार मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं।

नोएडा जिला अस्पताल में सीएमएस का एक्शन

इमरजेंसी मेडिकल आफिसर समेत तीन को नोटिस, 3 दिन में मांगा जवाब, मरीजों से दुर्व्यवहार का मामला

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में मरीजों के साथ दुर्व्यवहार और इलाज में लापरवाही के मामलों पर अस्पताल प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। इमरजेंसी में मरीजों से सही तरीके से बात नहीं करने और समय पर उनकी परेशानी नहीं सुनने की शिकायतों के बीच सीएमएस ने एक इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर (ईएमओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तीन दिन में इसका जवाब देना होगा। वहीं, ओपीडी के बाहर गाड़ी खड़ी करने से रोकने पर गार्ड से अभद्रता करने वाले प्लास्टर टेक्नीशियन से भी जवाब मांगा गया है। इसके अलावा एक अन्य स्टॉफ को चेतावनी जारी की है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. अशोक कुमार झा ने बताया कि अस्पताल में मरीज इलाज और मदद की उम्मीद लेकर आते हैं। ऐसे में स्टाफ का व्यवहार अच्छा होना जरूरी है। खासकर इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को तत्काल उपचार के साथ संवेदनशील व्यवहार की जरूरत होती है। इसके बावजूद इमरजेंसी में तैनात कुछ कर्मचारी मरीजों से ठीक तरीके से बात नहीं करते। मरीजों की परेशानी सुनने और उनकी मेडिकल हिस्ट्री जानने में भी लापरवाही बरती जाती है। इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित ईएमओ को कारण बताओ नोटिस दिया गया है।दूसरी घटना में ओपीडी के बाहर एक स्टाफ ने अपनी गाड़ी खड़ी कर दी थी।

कड़ी सुरक्षा के बीच सकुशल संपन्न हुआ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का जालौन दौरा, पुलिस की मुस्तैदी रही सराहनीय

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)।उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जनपद जालौन का भ्रमण कार्यक्रम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुआ। वीआईपी दौरे को लेकर जालौन पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत के निर्देशन में कार्यक्रम स्थल से लेकर उपमुख्यमंत्री के आवागमन मार्ग तक भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन, निर्धारित पार्किंग, बैरिकेडिंग और भीड़ नियंत्रण के विशेष इंतजाम किए गए। वहीं, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी लगातार निगरानी रखी गई। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सतर्कता तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल का परिणाम रहा कि पूरे भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कहीं भी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई। यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनी रही और उपमुख्यमंत्री का पूरा कार्यक्रम सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल समापन के बाद पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा, मुस्तैदी और सतर्कता की सराहना की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके कार्य की सराहना की। कुल मिलाकर जालौन पुलिस की मुस्तैदी और बेहतर सुरक्षा प्रबंधन के चलते डिप्टी सीएम का दौरा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

योग, आसन और प्राणायाम के प्रदर्शन के साथ मनाया गया आरएसएस की गोपाल शाखा का वार्षिकोत्सव

शाखा के स्वयंसेवकों ने किया शारीरिक अनुशासन और संगठनात्मक गतिविधियों का प्रदर्शन, नगर एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी रहे मौजूद

अमन लेखनी समाचार



जालौन। नगर के बालमभट्ट स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गोपाल शाखा, जालौन नगर का वार्षिकोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगर एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। वार्षिकोत्सव में जिला प्रचारक योगेश साह, जिला संचालक शिवराम जी, नगर कार्यवाह रामेंद्र जी, शाखा कार्यवाह शशांक शेखर जी, मुख्य शिक्षक आनंद जी, बस्ती प्रमुख विनय निगम जी, नीरज सिंह तोमर, कपिल कुमार सोनी सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने योग, आसन एवं प्राणायाम का प्रदर्शन कर शारीरिक दक्षता, अनुशासन और नियमित अभ्यास का संदेश दिया। इस दौरान शाखा की गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण, संगठनात्मक एकता और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व को भी प्रदर्शित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा व्यक्ति निर्माण का माध्यम है। व्यक्ति निर्माण से समाज का निर्माण होता है और संगठित एवं जागरूक समाज ही राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से अनुशासन, संगठन, सेवा और सामाजिक समरसता की भावना के साथ समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। वार्षिकोत्सव के माध्यम से स्वयंसेवकों ने शारीरिक प्रशिक्षण, संगठनात्मक गतिविधियों और शाखा की नियमित कार्यप्रणाली का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

शादी का विवाद सुलझाने पहुंचे पति को पत्नी और परिजनों ने पीटा, वीडियो वायरल

सिर में गंभीर चोट लगने से युवक की हालत नाजुक, जिला अस्पताल उरई में कराया गया भर्ती

अमन लेखनी समाचार



जालौन।एट थाना क्षेत्र के मोहल्ला अम्बेडकर नगर में शादी से जुड़े विवाद को सुलझाने पहुंचे एक युवक के साथ जमकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक की पत्नी और उसके परिजनों ने उसे घेरकर लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा और जमीन पर पटक दिया। घटना के दौरान युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल युवक की नाजुक हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल उरई में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि युवक अपनी पत्नी के साथ शादी से जुड़े विवाद को सुलझाने के लिए पहुंचा था, लेकिन बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। फिलहाल वायरल वीडियो और घटना में लगाए गए आरोपों की सत्यता की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। मामले में पुलिस की कार्रवाई को लेकर जानकारी सामने आना बाकी है।

शिकायत लेकर चौकी पहुंचे युवक का आरोप, पुलिसकर्मियों ने मोबाइल छीनकर डिलीट की रिकॉर्डिंग

शराब के मामले में चालान करने और अभद्रता का भी लगाया आरोप, एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। पुलिस चौकी में शिकायत लेकर पहुंचे एक युवक ने पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। युवक का आरोप है कि उसकी शिकायत सुनने और कार्रवाई करने के बजाय पुलिसकर्मियों ने उसका शराब के मामले में चालान कर दिया। इतना ही नहीं, उसका मोबाइल फोन छीनकर उसमें मौजूद घटना की रिकॉर्डिंग भी डिलीट कर दी गई। मामला कुठौंद थाना क्षेत्र की शंकरपुर पुलिस चौकी का है। शंकरपुर गांव निवासी नीरज पुत्र स्वर्गीय करन सिंह ने 23 नवंबर को पुलिस अधीक्षक जालौन को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, वह 20 नवंबर की रात करीब आठ बजे गांव के ही शिवम के खिलाफ शिकायत लेकर शंकरपुर पुलिस चौकी पहुंचा था। आरोप है कि वहां मौजूद दरोगा रामवीर सिंह, दीवान हरिराम गुप्ता और सिपाही दीपक ने उसकी शिकायत पर सुनवाई करने के बजाय उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और शराब के मामले में उसका चालान कर दिया। युवक ने यह भी आरोप लगाया है कि पुलिसकर्मियों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और उसमें घटना से संबंधित मौजूद रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी। पीड़ित ने शिवम सहित संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

अब जांच पर टिकी निगाहें

पुलिस चौकी में शिकायत लेकर पहुंचे युवक के साथ कथित दुर्व्यवहार और मोबाइल से रिकॉर्डिंग डिलीट किए जाने के आरोपों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। हालांकि, शिकायती पत्र में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अब देखना होगा कि पुलिस अधीक्षक इस मामले में क्या संज्ञान लेते हैं और जांच के बाद क्या कार्रवाई होती है।

सड़क सुरक्षा अभियान में 103 वाहनों के चालान, बिना हेलमेट चलने वालों पर सबसे बड़ी कार्रवाई

76 वाहन चालकों का बिना हेलमेट में चालान, ओवरलोडिंग पर भी कसा शिकंजा; परिवहन विभाग ने वसूला 1.48 लाख रुपये प्रशमन शुल्क

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत परिवहन विभाग ने मंगलवार को जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 103 वाहनों के चालान किए गए। इनमें सबसे अधिक 76 चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के किए गए। अभियान के दौरान परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों ने ह्यनो हेलमेट-नो फ्यूलह्ल नियम के अनुपालन के साथ बिना वैध बीमा, फिटनेस प्रमाणपत्र और नंबर प्लेट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। इसके अलावा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने, दोपहिया वाहन पर तीन सवारियां बैठाने और बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन चलाने वालों पर भी शिकंजा कसा गया। विभागीय अधिकारियों ने यात्री वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने तथा मालवाहक वाहनों में नियम विरुद्ध यात्रियों को बैठाकर परिवहन करने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की। वहीं निर्धारित भार क्षमता से अधिक माल लेकर चलने वाले ओवरलोड वाहनों के चालान किए गए। इन कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप शासन को एक लाख 48 हजार रुपये का प्रशमन शुल्क प्राप्त हुआ। प्रवर्तन अभियान के साथ ही वाहन चालकों और आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की सलाह दी गई। साथ ही वाहन के पंजीयन, बीमा, फिटनेस और प्रदूषण प्रमाणपत्र सहित सभी जरूरी दस्तावेज वैध रखने की अपील की गई। परिवहन विभाग ने वाहन चालकों से निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाने और मालवाहक वाहनों का इस्तेमाल केवल माल परिवहन के लिए करने की अपील की।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का जालौन दौरा शांतिपूर्ण संपन्न, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस रही अलर्ट

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जनपद जालौन भ्रमण कार्यक्रम मंगलवार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधीक्षक जालौन सुरेश चन्द्र रावत के निर्देशन में कार्यक्रम स्थल से लेकर उपमुख्यमंत्री के पूरे भ्रमण मार्ग तक पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए रूट डायवर्जन लागू किया गया। निर्धारित पार्किंग स्थलों, मजबूत बैरिकेडिंग और भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम किए गए। वहीं, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी भी की जाती रही। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की सतर्कता तथा आपसी समन्वय के चलते पूरे कार्यक्रम के दौरान कहीं भी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई और न ही यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। उपमुख्यमंत्री का पूरा भ्रमण कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल समापन के बाद पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत ने ड्यूटी में तैनात रहे सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की।

मासूम के हाथों बिक रही कथित देशी शराब, आबकारी विभाग की निगरानी पर उठे सवाल

सात-आठ साल के बच्चे से शराब के पैकेट बिकवाने का वीडियो वायरल, पढ़ाई की उम्र में थमाया शराब का पैकेट; जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन

अमन लेखनी समाचार



जालौन। जिले के धनौरा गांव से सामने आए एक कथित वायरल वीडियो ने आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में करीब सात से आठ साल का एक मासूम बच्चा कथित तौर पर देशी शराब के पैकेट बेचता दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद गांव में शराब बिक्री के साथ-साथ मासूम बच्चों को इस तरह के काम में लगाए जाने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें और स्कूल का बस्ता होना चाहिए, उस उम्र में उनके हाथों में शराब के पैकेट दिखाई देना बेहद चिंताजनक है। सवाल यह है कि आखिर बच्चे से यह काम कौन करवा रहा है और जिम्मेदार अभिभावकों की भूमिका क्या है? मामले ने आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि गांव में शराब की बिक्री हो रही है तो विभागीय निगरानी कहां है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं थी या फिर शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई? वहीं, बच्चे के भविष्य और सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। पुलिस, आबकारी विभाग और बाल संरक्षण से जुड़े अधिकारियों को मामले का संज्ञान लेकर बच्चे को इस गतिविधि से बाहर निकालने तथा उसकी शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत है। मामले को लेकर जिला आबकारी अधिकारी ने जांच कराकर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। हालांकि, फिलहाल वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि बच्चे से शराब की बिक्री कौन करवा रहा था। अब बड़ा सवाल यह है कि धनौरा गांव में कथित शराब बिक्री के पीछे कौन है? मासूम के बचपन से खिलवाड़ करने वालों की जिम्मेदारी कब तय होगी और आबकारी विभाग इस मामले में क्या ठोस कार्रवाई करेगा?

कार्तिक पूर्णिमा को लेकर पचनदा मेले में सुरक्षा व्यवस्था का अपर पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा

स्नान घाटों से लेकर मेला परिसर तक सुरक्षा इंतजामों का किया निरीक्षण, पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश

जालौन।कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. ईशान सोनी ने पचनदा मेला परिसर एवं स्नान घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने स्नान घाटों पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति तथा गोताखोरों की तैनाती का बारीकी से निरीक्षण किया

शंख ध्वनियों के साथ निकली भव्य प्रभात फेरी, विश्व एकता और सर्वधर्म सम्मेलन का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार



उरई (जालौन)। मौन साधना देवस्थान बड़ी बंधौली में आयोजित होने वाले 16वें मौन साधना वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार सुबह भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह ठीक आठ बजे अनेकों शंखों की गूंज के साथ शुरू हुई प्रभात फेरी ने पूरे गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों को विश्व एकता सर्वधर्म सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। प्रभात फेरी में मौन साधना परिवार के सदस्य सफेद वस्त्र धारण कर अनुशासन और एकजुटता के साथ शामिल हुए। सभी साथी एक कतार में चलते हुए शंख ध्वनियों के माध्यम से विश्व एकता, आपसी प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश देते नजर आए। प्रभात फेरी का ग्रामीणों में विशेष आकर्षण रहा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य मजहब, धर्म, मकसद और सिद्धांतों के नाम पर समाज में बढ़ती दूरियों को समाप्त कर सभी धर्मों और जातियों के लोगों को मानवता एवं एकता के सूत्र में जोड़ना है। प्रभात फेरी में हमीरपुर से रघुवीर शरण द्विवेदी, गोंडा से बीबी लाल श्रीवास्तव एवं श्रीमती बीना श्रीवास्तव, राजेश महाराज, भगत सिंह, बिलरख से करण सिंह राजपूत, रघुवीर राजपूत, अर्पण राजपूत, श्याम करण, रघुनाथ बाबूजी, चंद्रपाल बॉस सहित सैकड़ों मौन साधना साथी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

25 नवंबर को होगा विश्व एकता सर्वधर्म सम्मेलन

मौन साधना देवस्थान बड़ी बंधौली में बुधवार 25 नवंबर 2026 को सुबह 10 बजे से 16वें मौन साधना वार्षिक उत्सव के अंतर्गत विश्व एकता सर्वधर्म सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में विभिन्न धर्मों के विद्वान शामिल होकर अपने विचार एवं प्रवचन प्रस्तुत करेंगे। आयोजकों ने सभी धर्मों और जातियों के लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मानवता, प्रेम, शांति और सर्वधर्म एकता के इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। लमौन साधना परिवार का संदेशः जगत की एकता एवं जगत पिता का सत्यप्रेम पाने के लिए प्रतिदिन शाम 6:50 से 7:05 बजे तक 15 मिनट मौन साधना अवश्य करें कार्यक्रम स्थलः मौन साधना देवस्थान, बड़ी बंधौली, जनपद जालौन।

नाला निर्माण में अतिक्रमण का आरोप, दुकानदारों ने ईओ से की निष्पक्ष पैमाइश कराने की मांग

अमन लेखनी समाचार



जालौन।चुर्खी रोड स्थित मोहल्ला चुखीवाल में नाला निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नाला निर्माण के दौरान अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाते हुए स्थानीय दुकानदारों ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपकर निष्पक्ष पैमाइश कराने की मांग की है। मोहल्ला रावतान निवासी वैकुण्ठ मिश्रा पुत्र अखिलेश मिश्रा सहित अन्य दुकानदारों ने शिकायत में बताया कि उनकी दुकानों के सामने नाले का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि नाला निर्माण के निर्धारित स्थान पर कुछ लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके चलते निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हो पा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि यदि बिना सही पैमाइश के नाले का निर्माण कराया गया तो उनकी दुकानों को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने मांग की है कि निर्माण कार्य आगे बढ़ाने से पहले किसी सक्षम अधिकारी से संबंधित स्थल की निष्पक्ष पैमाइश कराई जाए और शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार ही नाले का निर्माण कराया जाए। दुकानदारों ने नगर पालिका प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। अब देखना होगा कि नगर पालिका प्रशासन शिकायत को कितनी गंभीरता से लेते हुए क्या कदम उठाता है।

उरई में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, इलाके में मची अफरा-तफरी

उरई (जालौन)। उरई कोतवाली क्षेत्र में नीलम लॉज के पास दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हो गई। अचानक हुई इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट के दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसने देखते ही देखते मारपीट का रूप ले लिया। हालांकि विवाद की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। मारपीट में किसी के घायल होने अथवा अन्य नुकसान की आधिकारिक पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

ट्रैक्टर से बांधकर गाय को घसीटने का आरोप, वायरल वीडियो से मचा हड़कंप

पशु क्रूरता के मामले में कार्रवाई की मांग, गाय की हालत जानने को लेकर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

जालौन। जनपद के ग्राम पंचायत रिनियां से बेजुबान पशु के साथ कथित क्रूरता का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में गाय को ट्रैक्टर से बांधकर घसीटने का दावा किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पशु प्रेमियों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों ने पुलिस और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले में चंद्रका दुबे पुत्र रामोतार का नाम सामने बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर गाय को ट्रैक्टर से बांधकर खींचते हुए दिखाया गया है। इस घटना के बाद गाय की स्थिति को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि गाय जीवित है तो उसे तत्काल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर उचित उपचार कराया जाए। घटना को लेकर लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि बेजुबान पशुओं के साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। पशुओं की सुरक्षा और संरक्षण के लिए जिम्मेदार विभागों को ऐसे मामलों में तत्काल संज्ञान लेना चाहिए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि वायरल वीडियो की जांच कर घटना की वास्तविकता सामने लाई जाए, गाय की वर्तमान स्थिति का पता लगाया जाए और आरोप सही पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण कानून के तहत कार्रवाई की जाए।

अब पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई पर नजर

बेजुबान पशुओं के साथ कथित क्रूरता का यह मामला एक बार फिर पशु संरक्षण व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। अब देखना होगा कि पुलिस और संबंधित विभाग वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर क्या कार्रवाई करते हैं।

यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और स्थानीय स्तर पर सामने आई जानकारी के आधार पर तैयार की गई है। घटना तथा संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामला थाना सिरसा कलां क्षेत्र का बताया जा रहा है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



एक बार फिर बड़जात्या की फिल्म में प्रेम बनकर लौटेंगे सलमान

मुंबई। सूरज बड़जात्या इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म में आयुष्मान प्रेम का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, इसके चद सूरज बड़जात्या औस सलमान खान की जोड़ी एक बार फिर साथ आने वाली है। अब निर्देशक ने इस फिल्म को लेकर नया अपडेट दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में सूरज बड़जात्या ने सलमान खान के साथ अपनी फिल्म 'प्रेम की शादी' के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि फिल्म के लिए दर्शकों को अभी थोड़ा और इंतजार करना होगा। दोनों ने 'मैंने प्यार किया', 'हम आपके हैं कौन', 'हम साथ-साथ हैं' और 'प्रेम रतन धन पायो' जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। इन सभी फिल्मों में सलमान खान ने प्रेम का यादगार किरदार निभाया था।

लाइफ Style

शरवरी

प्यार का पंचनामा 2 के ऑडिशन में हुई रिजेक्ट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शरवरी हाल ही में होस्ट माधुरी दीक्षित के क्विज रियलिटी शो 'कौन होगा करोड़पति' में पहुंची थीं। यहां उन्होंने बताया कि किस तरह फिल्मों में बतौर अभिनेत्री काम करने का सपना लेकर आईं शरवरी ने असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की।

माधुरी दीक्षित से बातचीत के दौरान शरवरी ने बताया कि उन्होंने शुरुआत में अभिनेत्री बनने के लिए फिल्म 'प्यार का पंचनामा 2' का ऑडिशन दिया था। इस बारे में बात करते हुए शरवरी ने कहा, 'मुझे याद है कि मैं 'प्यार का पंचनामा 2' के लिए ऑडिशन देने गई थी, लेकिन मेरा सिलेक्शन नहीं हुआ। इसके बाद मैंने उनसे पूछा कि क्या मैं असिस्टेंट डायरेक्टर बन सकती हूं? इसे डायरेक्टर का असिस्टेंट भी कहते हैं। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मुझे कोई काम आता है? मैंने कहा कि नहीं, मुझे कुछ भी नहीं आता। इसके बावजूद उन्होंने मुझे काम दिया और सब कुछ सिखाया।' शरवरी ने बताया कि लव रंजन से मिला यह मौका उनके करियर के लिए काफी अहम साबित हुआ। उन्होंने अपने शुरुआती दिनों में तीन फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। इनमें 'प्यार का पंचनामा 2', संजय लीला भंसाली की 'बाजीराव मस्तानी' और लव रंजन की 'सोनू के टीटू की स्वीटी' शामिल हैं। असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर अपने करियर की शुरुआत करने वाली शरवरी अब सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उनके साथ अभिनेता आयुष्मान खुराना मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे।



हॉलीवुड मसाला



'एवेंजर्स' ने एडवांस बुकिंग में मचाया तहलका

नई दिल्ली। हॉलीवुड की मशहूर फिल्म प्रोडक्शन कंपनी की अगली फिल्म 'एवेंजर्स: डूम्सडे' रिलीज से पहले ही भारतीय बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है। खास बात यह है कि एडवांस बुकिंग के मामले में फिल्म ने 'रामायण' और 'सूपरमैन 2' जैसी बड़ी भारतीय फिल्मों को भी पीछे छोड़ दिया है। 24 नवंबर की सुबह तक 'एवेंजर्स डूम्सडे' ने भारत में सभी भाषा की एडवांस बुकिंग से 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की ग्रॉस कलेक्शन कर लिया था। इसमें फिल्म के पहले दिन की एडवांस बुकिंग का योगदान करीब 22 करोड़ रुपए है। भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग 17 नवंबर को शुरू हुई थी।



निर्देशक एंटोनी पर लगे मारपीट करने के आरोप

नई दिल्ली। फिल्म 'माइकल' के लिए मशहूर निर्देशक एंटोनी पुवव इन दिनों अलग वजह से चर्चा में हैं। पुवव काबूनी मुजैयत में फंस गए हैं। फिल्ममेकर पर लॉस एंजिलस के एक बार में झगड़ा करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस झगड़े के दौरान एंटोनी ने कथित तौर पर बंदूक निकाली और बार के एक कर्मचारी के सिर पर वार किया। उस पर मारपीट, हमला करने और मानसिक पीड़ा पहुंचाने का आरोप है। 'माइकल' के फिल्ममेकर एंटोनी पुवव लॉस एंजिलस के एक बार में हुए झगड़े के बाद गंभीर कानूनी मुसीबत में फंस गए हैं। बार के मैनेजर ने उन पर बंदूक निकालने और उसके सिर पर वार करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि यह घटना इस साल फरवरी में हुई थी।



किसी सीन से परेशानी है तो रखती हूं राय

मुंबई। अभिनेत्री श्रुति हासन ने डांस और उसमें खुद को फिल्माये जाने पर कहा, 'मैंने हमेशा यह सवाल पूछा है कि फिल्मों में विशेष डांस सीन्स की क्या जरूरत होती है। मुझे नृत्य करना पसंद है, मैं यह बात बिल्कुल स्पष्ट कर देना चाहती हूं। मुझे सजने-संवरने में भी आनंद आता है। और यही मेरा नजरिया है। विशेष सीन्स के प्रति मेरा दृष्टिकोण मेरे लिए बहुत ही आसान रहा है। मैं कभी भी किसी भी रूप में किसी की चापलूसी करने वाली नहीं रही हूं। इसलिए, जब मुझे किसी चीज से असहजता होती है, तो मैं कह देती हूं कि मैं इसे नहीं पहनूंगी। अगर मुझे असहजता होती है, तो मैं वह नहीं करूंगी। इस बारे में मेरी बहस भी हुई है। इस वजह से मेरी आलोचना भी हुई है। मगर मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।' अपनी बातचीत में आगे श्रुति हासन ने कहा, मैं इस विषय पर हो रही चर्चा को समझती हूं।



रितेश की गोद में जेनेलिया वायरल हुई तस्वीर

मुंबई। रितेश देशमुख ने पत्नी जेनेलिया देशमुख के साथ इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में जेनेलिया और रितेश किसी रेस्टोरेंट में ब्रेकफास्ट करते दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर की खास बात ये है कि इसमें जेनेलिया पति रितेश की गोद में बैठी हैं और रितेश को अपने हाथ से नाश्ता कराती नजर आ रही है। मंगलवार की सुबह शेयर की गई ये तस्वीर देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। तस्वीर के साथ रितेश ने बेहद मजेदार कैप्शन भी दिया है। रितेश देशमुख ने रेस्टोरेंट की तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, 'दो लोगों के लिए टेबल, कुर्सी एक के लिए।' कुछ लोगों को तस्वीर पसंद आ रही है तो कुछ फैंस को पोस्ट के साथ लिखा गया कैप्शन। रितेश देशमुख अक्सर ही ऐसे आरंगी पोस्ट और तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ साझा करते रहते हैं।

टीवी मसाला



केबीसी 18 के पहले करोड़पति भूषण ने सुनाई अपनी कहानी

नई दिल्ली। 'कौन बनेगा करोड़पति' के सीजन 18 के पहले करोड़पति भूषण लाकरे ने अपने तेवरों को जमीं और आगे की प्लानिंग के बारे में बात की है। जलगांव के रहने वाले भूषण लाकरे यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे और उन्होंने अभिताभ बच्चन होस्टेड रियलिटी शो में 1 करोड़ की धनराशि जीती है। उन्होंने 7 करोड़ रुपए का जवाब नहीं अटेम्प्ट किया, हालांकि वह इसका जवाब नहीं दे सके। भूषण के पिता एक मजदूर हैं। उन्होंने कहा कि इतना पैसा जीतने के बाद अब वह अपने मात-पिता को काम नहीं करने देंगे। वह उनके लिए 30-35 साल की कमाई है। भूषण लाकरे ने कहा कि वह एक छोटे से गांव से हैं और जब अभिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे तो काफी नर्वस थे। उन्हें पसीना आने लगा था, फिर अभिताभ बच्चन ने उन्हें कामफर्टेबल फील कराया। भूषण लाकरे ने कहा कि उनके लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा था। भूषण ने बताया कि वह साल 2016 से कौन बनेगा करोड़पति में आने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने द इंडियन एक्सप्रेस के साथ बातचीत में बताया, 'मैं 2016 से तैयारियों के लिए कोशिश कर रहा हूं, तब से जब मैं 18 साल का हुआ था और जब भी मुझे ऑडिशन के लिए कॉल भी नहीं आया। भूषण ने बताया, हर बार जब वह फेल होकर वापस आते थे तो लोग उनसे कहते कि उन्हें किसी जेक या पहुंच लगाने की जरूरत है। लोग उनसे कहते थे कि उन्हें किसी को पैसे देने होंगे या फिर किसी बड़े अधिकारी से फोन करवाना होगा। भूषण लाकरे ने जोर देकर कहा कि वह ऐसा नहीं करेंगे। उनके घर से लेकर कौन बनेगा करोड़पति के सेट तक और फिर वापस जाने का भी जारा सफर कौन बनेगा करोड़पति की टीम ने उठाया था। भूषण ने यह भी बताया कि उनके जीतने के बाद कैसे कि कलर बदली है।

'इस हफ्ते नॉमिनेट हुए ये कंटेस्टेंट'



नई दिल्ली। सलमान खान होस्टेड रियलिटी टीवी की 'बिग बॉस 19' का सफर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। हर कंटेस्टेंट फिनाले तक पहुंचने के लिए अपना पूरा जोर लगा रहा है। इस हफ्ते एलाइज अरोरा और लक्ष सिंह के साथ-साथ कनिका मान, गुरशु, नहीदा खिज और मोनालिसा सुपरस्टार अपकमिंग पूरे नॉमिनेट हो गए हैं। इस हफ्ते जो कितारी नॉमिनेट हुए हैं, उनमें से एक का घर जाएगा इस सवाल का जवाब तो हमें वीकेंड का वार में ही मिलेगा। लेकिन उससे पहले नॉमिनेशन की जानकारी सामने आते ही लोगों ने तरानों का विश्लेषण शुरू कर दिया है। तान्या जेवलन ने एक यूजर के लिखा- अबतो बार कनिका होनी घर से बाहर। बाहर जाकर खुशु के लिए रोटियां पकाएगी। वहीं दूसरे ने लिखा- नाही बाहर होगी।

'चोर निकल के भागा 2' में नई कहानी के साथ लौटी पुरानी टीम

नई दिल्ली। साल 2023 में आई फिल्म 'चोर निकल के भागा' की सफलता के बाद अब इसका दूसरा पार्ट 'चोर निकल के भागा 2' आने वाला है। फिल्म में एक बार फिर यामी गौतम और रवी किशन की जोड़ी नजर आएगी। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्देशन अजय सिंह कर रहे हैं। इस बार फिल्म की कहानी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। जहां पहली फिल्म में सवाई जहाज के अंदर हीरे की चोरी की कहानी दिखाई गई थी, वहीं इसके दूसरे पार्ट में चोरी का खेल एक फूड शिप पर देखने को मिलेगा। इस बार कहानी का फोकस एक शैतानीमती मुर्गट होगा। मेडॉक्सिस ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का ऐलान करते हुए इसकी रिलीज डेट भी बताई है। 'चोर निकल के भागा 2' 17 दिसंबर को मेडॉक्सिस पर रिलीज होगी। मेकर्स ने फिल्म का एक पोस्टर भी जारी किया है। इसमें जमुद के पानी में एक कोलती सुपरट तैरता नजर आ रहा है और पीछे एक फूड शिप दिखाई दे रही है। पोस्टर से फिल्म की नई कहानी और चोरी के नए अंदाज की झलक मिलती है। मेडॉक्सिस ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'चोर फिर से निकलकर भगाने वाला है। क्या आप तैयार हैं' वेडिंग 'चोर निकल के भागा 2', 17 दिसंबर से सिर्फ मेडॉक्सिस पर।'



सर्वश्रेष्ठ अभिनेता बने बॉबी, मोना के नाम हुआ सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब

लॉस एंजिलस। टेलीविजन की सबसे बड़ी ग्लोबल नाइट्स में से एक 54वें इंटरनेशनल एमी अवार्ड्स आयोजित किए गए। यह एक ऐतिहासिक रात रहा, जिसमें 26 देशों की 16 भाषाओं में रिकॉर्ड 64 इनोवेटर शामिल थे। भारत की ओर से दो सो 'तीर बास' फुल कॉन्टूम और 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' इसमें शामिल हैं। यह अवार्ड सेरेमनी 24 नवंबर को न्यूयॉर्क सिटी एन मिडटाउन में हुई। मशहूर अभिनेता माइकल डगी ने इसे होस्ट किया। साउथ के स्टार विजय सेतुपति इवेंट में एक अवॉर्ड के प्रेजेंटर बने।



भारत के हाथ आई निराशा : एमी अवॉर्ड्स में भारत से 'तीर बास' के सो 'तीर बास: फुल कॉन्टूम' को नॉमिनेशन मिलने की उम्मीद थी। 2021 में 'पार्च इंडिया' और 2023 में 'पंचायत' के बाद यह उसका तीसरा नॉमिनेशन था। हालांकि, वीर दास को ये अवॉर्ड नहीं मिला। 'बेस्ट कॉमेडी' अवार्ड के लिए अवॉर्डीज को 'डिविजन पलेनी - सीजन 2' को चुना गया।

'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' अवॉर्ड से चूका

भारत को कुल्ला नामांकन 'रियल कश्मीर फुटबॉल क्लब' के लिए मुख्य कैटेगरी में मिला। इस सो में मनज तौल और अदाकार जीशान अय्यूब मुख्य सूचिकाओं में हैं। हालांकि इसे बेस्ट फुल जैनरेज का पुरस्कार नहीं मिला। कास्ट इस श्रेणी का विजेता रहा।

अवॉर्ड्स की लिस्ट

बॉबी स्कोरफील्ड - सर्वश्रेष्ठ अभिनेता
मोना मोना सिंहोना - सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री
बेस्ट टैलेंटिस्ट सिरीज एवं- आर्ट्स प्रोग्रामिंग के लिए डी कलाब शान 2000- बेस्ट पार्लर जैनरेज
डिविजन पलेनी - सीजन 2 - बेस्ट कॉमेडी
24 आवर्स इन द सिल जोन- सर्वश्रेष्ठ रनवार
एक्सक्लूजिव: बॉबिना रेवल इनसाइड इजरायल-वॉर एक्ट अपेरेशन
मिशिन्कराज लायलवार को प्रो- बेस्ट ऑडियो डॉक्यूमेंट्री
फटुबॉलिंग मॉर्निंगस्वार - सीजन 2- बेस्ट यॉन-स्क्रिप्टेड एंटरटेनमेंट
द स्कोयरहो वेडिंग- बेस्ट विडुल एनीमेशन
डेवलपर फ्रैंडशिप- द 10-इयर-ओल्ड डीवर्टर- बेस्ट विडुल लाइव-एक्शन
लॉरेंशल साइंस- विडुस फैमिलुअल एंड एंटरटेनमेंट
डिजनर 951- बेस्ट टीवी कॉमेडी-सीरीज
लुई सेलीवर व सेलनर्स- सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री
लेयला- बेस्ट टेलिनोवेला
केरलेन- बेस्ट ड्रामा सीरीज

सिनेमाघरों में एक्शन, साइंस फिक्शन और रोमांस का लगेगा तड़का

दिसंबर में अलग-अलग जॉनर की फिल्मों का आएगा सैलाब

नई दिल्ली। नवंबर ने बॉक्स ऑफिस पर रणबीर कपूर, सई पल्लवी और यश स्टारर 'रामायण- पार्ट 1' का धमाकेदार स्वागत किया। अब बड़े पर्दे पर अक्षय खन्ना और धुरंधर का स्टार 'ये प्रेम मोल लिया' दस्तक देने वाली है। अब सबकी नजरें दिसंबर पर टिकी हैं, क्योंकि दिसंबर में सिनेमाघरों में एक्शन, साइंस फिक्शन से लेकर रोमांस तक, अलग-अलग जॉनर की फिल्में रिलीज होने वाली हैं। खास बात तो ये है कि बॉलीवुड के दो बड़े सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान की फिल्में भी दिसंबर 2026 में ही रिलीज हो रही हैं।

मातृभूमि : दिसंबर के पहले हफ्ते में ही सिनेमाघरों में बड़ा धमाका होने वाला है। सुपरस्टार जान्हवी खान की लेटेस्ट अवेटेड फिल्म 'मातृभूमि' से वीर रेस्ट इन पीस' दिसंबर के पहले हफ्ते में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ये फिल्म 4 दिसंबर को रिलीज के लिए तैयार है। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी ये फिल्म पहले अप्रैल, फिर अगस्त और उसके बाद नवंबर में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अखिरी समय में मेकर्स ने फिल्म को इसे 4 दिसंबर को रिलीज करने का निर्णय लिया। इस फिल्म में जान्हवी खान के साथ विशालक्ष सिंह भी लीड रोल में हैं।



ईदा : मशहूर एक्टर एवं लावणी कलाकार पिताश्री नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित बायोपिक ड्रामा 'ईदा' की दिसंबर में सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित और दिनेश विजान द्वारा निर्मित इस फिल्म में अक्षय कपूर लीड रोल में हैं और बड़े पर्दे पर ये फिल्म नजर खान की 'मातृभूमि' से टकराने वाली है। ये फिल्म पहले जनवरी में रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में फिल्म की रिलीज डेट बदलकर 4 दिसंबर कर दी गई और इसी दिन सलमान खान की 'मातृभूमि' भी रिलीज होने वाली है।

धर्मेंद्रजी दुम्सडे : मार्वल स्टूडियोज की लेटेस्ट अवेटेड फिल्म 'एवेंजर्स: डूम्सडे' भी दिसंबर में ही बड़े पर्दे पर दस्तक दे रही है। ये फिल्म 17 दिसंबर को यूनिवर्सल में रिलीज होगी। एंथनी और रूसो के निर्देशन में बनी इस सुपर-फिक्शन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। भारत में भी इस फिल्म को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर डॉक्टर डूम को भूमिका में नजर आने वाले हैं। उनके अलावा फिल्म में क्रिस इवांस, पेड्रो पास्कल, क्रिस हेमसवर्थ जैसे सितारे इस फिल्म का हिस्सा हैं।

किंग : शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और सुहाना खान स्टारर 'किंग' दिसंबर के आखिरी हफ्ते में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित ये एक्शन थ्रिलर 24 दिसंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म का एक टाइटल 'तू किंग जैसा' पहले ही रिलीज किया जा चुका है, जिसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ उनकी लाडली सुहाना, दीपिका पादुकोण, राकी सुखदेवे, अभिषेक बच्चन, अमय वर्मा और राघव जुयाल भी अहम भूमिका में दिखाई देंगे।

चकदा : भारत पैसिफ स्टारर 'चकदा' भी बड़े पर्दे पर धूम मचाने के लिए तैयार है। भारत पैसिफ स्टारर ये महिला क्रिकेटर्स पैसिफ और सुपरनेचुरल एलीमेंट्स थ्रिलर 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है और अब तक मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी नहीं किया है। सांकिया धालु के निर्देशन में बनी इस सपोर्टसवी थ्रिलर का ट्रेलर 25 नवंबर को रिलीज किया जाएगा।

इडून पार्ट 3 : 'स्ट्रेंजर्स डूम्सडे' की रिलीज के अगले दिन ही यानी 18 दिसंबर को सिनेमाघरों में एक और बड़ी फिल्म रिलीज हो रही है। हॉलिवुड फिल्ममेकर्स की 'इडून: पार्ट 3' 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है, जो इन चार की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। लेविया और टिमोथी शैलमे स्टारर ये साइंस-फिक्शन फैंटेसी थ्रिलर की पुस्तक 'ड्यून: मसीहा' से प्रेरित है।

द रॉक की 'जुमांजी: ओपन वर्ल्ड' : लोकप्रिय एक्टर ड्वेन्जाली 'जुमांजी: ओपन वर्ल्ड' सिनेमाघर के जरिये सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसमें जॉनसन, जैक ब्लैक और कैविन हार्ट स्टारर ये एडवेंचर ड्रामा इस साल की बेस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। अब देखना ये होगा कि बॉक्स ऑफिस पर इसे क्या रिस्पॉन्स मिलता है।